



# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!





Vol. 13 Issue No. 13 Faridabad (NCR) Thursday, 01-15 August 2024 Rate : 5 /- RNI No. : HARBIL/2012/45536 Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/24-26 Page : 8

● सत्ता हो विपक्ष, राजनीति तो स्वाभाविक है

# भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने हेतु अशांति फैलाने के हो रहे हैं प्रयास

केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू की गई कई नीतियों के चलते भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही गया है और अब यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत की लगातार तेज हो रही आर्थिक प्रगति पर विश्व के कुछ देश अब ईर्ष्या करने लगे हैं एवं उन्हें यह आभास हो रहा है कि आगे आने वाले समय में इससे उनके अपने आर्थिक हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इस सूची में सबसे ऊपर चीन का नाम उभर कर सामने आ रहा है। और फिर, चीन की अपनी आर्थिक प्रगति धीमी भी होती जा रही है। दूसरे, विश्व को भी आज यह आभास होने लगा है कि विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन के मामले में केवल चीन पर निर्भर रहना बहुत जोखिम भरा कार्य है। इसका अनुभव विशेष रूप से विकसित देशों ने कोरोना महामारी के बाद से वितरण चैन में आई भारी परेशानी से किया है, जिसके चलते इन देशों में मुद्रा स्फीति की समस्या आज भी पूरे तौर पर नियंत्रण में नहीं आ पाई है। साथ ही, चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते उसके अपने किसी भी पड़ोसी देश से (पाकिस्तान को छोड़कर) अच्छे सम्बंध नहीं हैं। अतः कई देश अब यह सोचने पर मजबूर हुए हैं कि चीन+1 की नीति का अनुपालन ही उनके हित में होगा। अर्थात, यदि किसी उद्योगपति ने चीन में अपनी एक विनिर्माण इकाई स्थापित की है तो आवश्यकता पड़ने पर उसके द्वारा अब दूसरी विनिर्माण इकाई चीन में स्थापित न करते हुए इसे अब किसी अन्य देश में स्थापित किया जाना चाहिए। यह दूसरा देश भारत भी हो सकता है, क्योंकि भारत अब न केवल 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' के क्षेत्र में अतुलनीय सुधार करता हुआ दिखाई दे रहा है बल्कि भारत में बुनियादी ढांचा के विस्तार में भी अतुलनीय प्रगति दृष्टिगोचर है।

केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू की गई कई नीतियों के चलते भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही गया है और अब यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थ



के कई क्षेत्रों में तो भारत विश्व में प्रथम पायदान पर आ भी चुका है। इससे अब चीन के साथ अमेरिका को भी आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अपने प्रभाव में कमी आने की चिंता सताने लगी है। अतः विश्व के कई देशों में अब भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर ईर्ष्या की भावना विकसित होती दिखाई दे रही है। इस ईर्ष्या की भावना के कारण वे भारत के लिए कई प्रकार की समस्याएं खड़ी करने का प्रयास करते दिखाई देने लगे हैं। यह समस्याएं केवल आर्थिक क्षेत्र में खड़ी नहीं की जा रही हैं बल्कि सामाजिक, राजनैतिक एवं आध्यात्मिक आदि क्षेत्रों में भी खड़ी करने के प्रयास हो रहे हैं।

**सत्ता हो विपक्ष, राजनीति तो स्वाभाविक है**

सबसे पहिले तो कुछ देश प्रयास कर रहे हैं कि भारत में किस प्रकार सामाजिक अशांति फैलायी जाए। इसके लिए भारत की कुटुंब प्रणाली को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। देश में विभिन्न टीवी चैनल पर इस प्रकार के सीरियल दिखाए जा रहे हैं जिससे परिवार के विभिन्न सदस्यों के बीच आपस में छोटी छोटी बातों में लड़ने को बढ़ावा मिल रहा है। इन सीरियल में सास को बहू से, ननद को देवरानी से, छोटी बहिन को बड़ी बहिन से, एक पड़ौसी को दूसरे पड़ौसी से, संघर्ष करते हुए दिखाया जा रहा है। इन सीरियल के माध्यम से भारत में भी पूंजीवाद की तर्ज पर व्यक्तिवाद को हावी होते हुए दिखाया जा रहा है।
























# पढ़ाई के साथ-साथ काम करना चाहते है तो यह देश है बेस्ट

**आज कल के बढ़ते पार्ट टाइम वर्क कल्चर को देखते हुए अब विदेश जाकर पढ़ना आसान हो गया है। कई स्टूडेंट्स क्लास के बाद पार्ट टाइम जॉब करना पसंद करते है। जिससे उनकी छोटी-मोटी जरूरतों का खर्च निकाला जा सके। भारत में भी यह ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन विदेशों में कई ऐसे यूनिवर्सिटी और संस्थान है जहां आप पढ़ते है वहीं संस्थान आपको पार्ट टाइम नौकरी की ऑफर देने लगे है।**

बहुत सारे लोगों का सपना होता है कि वह विदेश जाकर पढ़ाई करें। लेकिन कई बार आर्थिक स्थिति को देखते हुए बहुत सारे लोग अपने इस सपने को पूरा नहीं कर पाते। लेकिन आज कल के बढ़ते पार्ट टाइम वर्क कल्चर को देखते हुए अब विदेश जाकर पढ़ना आसान हो गया है। कई स्टूडेंट्स क्लास के बाद पार्ट टाइम जॉब करना पसंद करते है। जिससे उनकी छोटी-मोटी जरूरतों का खर्च निकाला जा सके। भारत में भी यह ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन विदेशों में कई ऐसे यूनिवर्सिटी और संस्थान है जहां आप पढ़ते है वहीं संस्थान आपको पार्ट टाइम नौकरी की ऑफर देने लगे है। यूएस या दूसरें विकसित देशों में अर्न व्हाइल यू लर्न का केवल चलन ही नहीं हा बल्कि वहां के लोग इसे अहमियत भी देते हैं। अर्न व्हाइल यू लर्न का फायदा सिर्फ स्टूडेंट्स को ही नहीं हो रहा, इससे सीमित अवधि के लिए रोजगार देने वाले भी दोहरा लाभ कमा रहे हैं। यह ट्रेंड उन छात्रों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है, जो पढने के लिए विदेश का रुख करते हैं। इन देशों में अर्न व्हाइल यू लर्न का कॉन्सेप्ट

## फ्रांस
यहां अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स को काम करने की इजाजत है, मगर शर्त यह है कि उनका संस्थान नेशनल स्टूडेंट हेल्थकेयर प्लान में शिरकत करता हो। फ्रेंच कानून के तहत स्टूडेंट्स को साल में 964 घंटे काम करने की छूट है।

## जर्मनी
अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स, जो ईयू या ईईए देशों के बाहर के छात्र हैं, उन्हें साल में 120 फुल या 240 हाफ डे काम करने का मौका मिल जाता है। अगर कोई स्टूडेंट्स यहां निर्धारित काम के घंटों से अधिक काम करना चाहता है तो उसके लिए उसे संबंधित डिपार्टमेंट से इजाजत लेनी होती है। साथ ही यदि छात्र का कोर्स व कार्य की प्रकृति एक ही है तो उसे काम के असीमित घंटे मिलते हैं।

## न्यूजीलैंड
यहां वेरिएशन ऑफ कंडीशन के तहत पढ़ाई करते हुए 20 घंटे प्रति सप्ताह तक काम करने की आजादी होती है, मगर उसके लिए उनकी कुछ शर्तों को मानना पड़ता है।

## कनाडा
यहां अंतरराष्ट्रीय छात्रों को कैम्पस में काम करने की पूरी छूट है, मगर ऑफ कैम्पस के लिए वर्क परमिट प्रोग्राम के अनुसार ही चलना पड़ता है। नियमित सैशन के दौरान जहां 20 घंटे प्रति सप्ताह काम किया जा सकता है, वहीं विंटर और समर ब्रेक के दौरान फुल टाइम काम करने की इजाजत होती है।

## सिंगापुर
यहां अंतरराष्ट्रीय छात्रों को पढ़ाई के साथ या छुट्टियों में काम की इजाजत नहीं होती, लेकिन इसके लिए एम्प्लॉयमेंट ऑफ फॉरेन मैनपावर विभाग से वर्क पास की अनुमति ली जा सकती है। हालांकि कुछ स्कूल्स में 14 वर्ष से बड़े छात्रों को काम करने की छूट है।

## यूनाइटेड किंगडम
बैचलर डिग्री और उससे ऊपर के छात्रों को प्रति सप्ताह 20 घंटे काम करने की इजाजत है। इसके अलावा छुट्टियों के दौरान फुलटाइम वर्क किया जा सकता है। वहीं बैचलर डिग्री से नीचे के छात्रों को सिर्फ 10 घंटे प्रति सप्ताह काम करने की इजाजत मिलती है।

## आयरलैंड
ऐसे अंतरराष्ट्रीय छात्र, जो ईईए देशों से बाहर के हैं और जो यहां किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कम से कम एक साल का पूर्णकालिक कोर्स कर रहे हैं, वे 20 घंटे प्रति सप्ताह तक का पार्ट टाइम रोजगार पा सकते हैं।

## इटली
अगर किसी अंतरराष्ट्रीय छात्र के पास स्टडी वीजा है और इटली में रहते हुए उसे 90 दिन से अधिक हो चुके हैं तो ऐसी स्थिति में वह रेजिडेंस परमिट के लिए आवेदन कर सकता है। रेजिडेंस परमिट के बाद वह 20 घंटे प्रति सप्ताह की पार्ट टाइम जॉब कर सकता है।

## स्विट्जरलैंड
यहां ईयू/ईएफटीए देशों से बाहर के अतंरराष्ट्रीय छात्रों के लिए 15 घंटे प्रति सप्ताह का रोजगार पाने की इजाजत है। पर यह जरूरी है कि उन्हें यहां रहते हुए कम से कम छह माह का न्यूनतम समय हो चुका हो। हालांकि पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए ऐसी कोई शर्त नहीं है।

## यूनाइटेड स्टेट्स
अंतरराष्ट्रीय छात्र, जिन के पास एफ - 1 वीजा है, उन्हें ऑफ कैम्पस जॉब करने की इजाजत नहीं है। किसी खास केस में ही यह इजाजत मिलती है। एक साल के बाद यूएससीआईएस से काम करने की इजाजत मिल सकती है। यहां सिर्फ कैम्पस में 20 घंटे प्रति सप्ताह सैशन के समय और 40 घंटे प्रति सप्ताह छुट्टियों के दौरान काम करने के लिए इजाजत नहीं लेनी होती।

## आस्ट्रेलिया
छात्रों को यहां अधिकतम 40 घंटे प्रति पखवाड़े तक काम करने से नहीं रोका जाता। वहीं छुट्टियों में काम करने के घंटों पर कोई प्रतिबंध नहीं है।






# कुछ यूं बनाएं अपनी वेबसाइट

**तेजी से पंख फैलाते इंटरनेट का सहारा लेकर आज हर व्यक्ति अपनी पहुंच इंटरनेट की दुनिया में दर्ज कराने को बेताब नजर आता है। हर व्यक्ति की यही चाहत है कि उसका दायरा किसी सीमा के बंधन में कैद न रहे। सच ही तो है, आज नेट ने हमें भौगोलिक सीमाओं को लांघने का एक बेहतर जरिया उपलब्ध कराया है और साथ ही दी है वर्चुअल वर्ल्ड में उन्मुक्त विचरने की आजादी।**

आजकल पर्सनल वेबसाइट बनाने का प्रचलन भी जोरों पर है। वेबसाइट आपको अवसर देती है अपने बारे में तमाम तरह की सूचनाओं को दूसरों तक पहुंचाने की। घर बैठे आपके बारे में तमाम सूचनाओं को एक्सेस करने की आजादी का इससे बेहतर जरिया और भला क्या हो सकता है। हालांकि इस काम के लिए ब्लॉग, सोशल नेटवर्किंग साइट्स आदि का भी खूब इस्तेमाल किया जाता है, फिर भी आज के इस तकनीकी युग में पर्सनल वेबसाइट होना आपको दूसरों से अलग बनाता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि वेबसाइट बनाना अब कोई मुश्किल काम नहीं रहा। इंटरनेट पर कई ऐसे टूल्स हैं, जिनकी सहायता से चुटकियों में आप अपना वेब पेज डेवलप कर सकते हैं। क्या हुआ यदि आपको कंप्यूटर में महारथ हासिल नहीं है, प्रोग्रामिंग के आप पंडित नहीं हैं या फिर कोडिंग के नाम से ही आप डरने लगते हैं। प्रोफेशनल्स, रिसचर्स, स्टूडेंट्स आदि अपनी पर्सनल वेबसाइट बनाने में काफी रुचि दिखा रहे हैं। इसके माध्यम से आप न केवल वर्चुअल दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहते हैं, बल्कि अब तो एडवरटाइडिंग के जरिए पैसा कमाने का भी यह एक सोर्स बन गया है।

वेबसाइट आमतौर पर दो तरह की होती है- स्टैटिक और डायनॉमिक। स्टैटिक वेबसाइट का मतलब वैसी साइट से है, जो वन-वे होती है। यहां आप वेब पेजों को केवल पढ़ कर जानकारी ले सकते हैं। ये साइट्स नॉन-इंटरेक्टिव होती हैं और ये केवल स्टैटिक इंफॉर्मेशन ही प्रोवाइड कराती हैं, जो प्री-डिफाइन होती है। वैसे वेब पेज को एचटीएमएल (हाइपर टैक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज) की सहायता से तैयार किया जाता है। इसके विपरीत डायनॉमिक वेबसाइट इंटरेक्टिव होती है और विभिन्न क्राइटेरिया के अनुसार परिवर्तित होती रहती है। यहां आपको डाटाबेस से डायनामिक कंटेंट्स मिलता है और आप ताजा-तरीन (लेटेस्ट) इंफॉर्मेशन ले सकते हैं। वेबसाइट बनाने की प्रक्रिया में आपको डोमेन नेम/सब-डोमेन नेम और वेबसाइट होस्टिंग साइट की जरूरत पड़ती है। डोमेन नेम सिस्टम के आधार पर डोमेन नेम बनाया जाता है। इंटरनेट पर कई ऐसी वेबसाइट्स हैं, जो निःशुल्क सब-डोमेन प्रोवाइड करती हैं। आप गूगल सर्च की सहायता ले सकते हैं। www.hosting.com एक ऐसी ही वेबसाइट है, जहां आप अपनी वेबसाइट को होस्ट कर सकते हैं। इसके लिए आपको रजिस्ट्रेशन करवाना होगा और इस दौरान आपको अपना यूजरनेम, पासवर्ड, ई-मेल एड्रेस आदि एंटर करना पड़ेगा। किसी भी वेबसाइट होस्टिंग साइट का उपयोग करने से पहले उसके फीचर्स, क्राइटेरिया आदि को सही से समझ लें। डोमेन और यूआरएल के बारे में निर्णय कर लेने के बाद जो मुख्य काम है, वह है वेबसाइट का निर्माण। यहां आप विभिन्न वेब पेज डेवलप करते हैं, जो वेबसाइट का रूप लेते हैं। नेट पर विभिन्न वेब एडिटर्स हैं, जहां आप बिना कोडिंग किए ही आकर्षक और प्रोफेशनल वेब पेज बना सकते हैं। इन एडिटर्स में आपको संबंधित इंफॉर्मेशन एंटर करनी होती है। ड्रैग एंड ड्रॉप फीचर का भी आप उपयोग कर सकते हैं। इन एडिटर्स की सहायता से वेबसाइट डेवलप करते समय आप कलर, फोंट, स्टाइल, बैकग्राउंड, इमेज आदि पर विशेष ध्यान रखें, ताकि आपकी वेबसाइट आकर्षक दिखे। फ्रंट पेज यानी होम पेज को डिजाइन करते समय खास ध्यान दें। नेविगेशन पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही, आप याद रखें किसी भी साइट का कंटेंट उस साइट की सफलता और लोकप्रियता में मुख्य भूमिका निभाता है। ऐसे में कंटेंट को दूसरों के लिए रोचक और उपयोगी बनाएं, ताकि लोग आपकी साइट के प्रति आकर्षित हों। वेबसाइट तैयार हो जाने पर अगला कदम होता है पब्लिशिंग यानी इंटरनेट पर इसे अपलोड करना। चुनी गई होस्टिंग साइट पर आप पर्सनल वेबसाइट को अपलोड कर सकते हैं और इस तरह आप अपनी वेबसाइट को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। आप सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ) द्वारा अपनी वेबसाइट को प्रमोट भी कर सकते हैं, ताकि जब भी सर्च इंजन में संबंधित सर्च किया जाए तो आपकी वेबसाइट भी सर्च लिस्ट में प्रदर्शित हो।




# अपनाएं यह 5 तरीके जल्द मिलेगी नौकरी



जॉब मार्केट में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण जॉब मिलना सबसे ज्यादा मुश्किल काम हो गया है लेकिन अभी भी उन उम्मीदवारों को कहीं न कहीं बेहतर जॉब जरूर मिल जाती है जो योग्य होते हैं। लेकिन इतना जरुर है कि समय के साथ- साथ जॉब सर्च करने, टेस्ट और इंटरव्यू देने के तरीके भी बदल गए है। इसलिए इन बातों को जानना बहुत जरुरी है ।

## ऑनलाइन नेटवर्किंग
जॉब सर्च करने के लिए आप फेसबुक, लिंकडिन का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन यहां आपको थोड़ी होशियारी बरतनी होगी। अगर आप हमेशा दूसरों से खुद के बारे में बात करेंगे तो धीरे-धीरे लोग आपके प्रोफाइल पर ध्यान देना बंद करेंगे। ऑनलाइन नेटवर्किंग एक कॉकटेल की तरह है इसलिए इसका अपने फायदे में ध्यान से इस्तेमाल करें।

## पर्सनल नेटवर्किंग
बहुत सारे लोग नेटवर्किंग को गलत मानते हैं मगर ऐसा नहीं है। लोगों से खुल कर बातें करें, अपने लक्ष्य तय करें। दूसरों से मिलने-जुलने के कारण आपके स्किल्स में सुधार भी आएंगे और समय आने पर मदद भी मिलेगी। नौकरी तलाशने में नेटवर्किंग का काफी अहम रोल होता है।

## खुद को थोड़ा अलग रखें
जब आप जॉब के लिए अपना रिज्यूमे बना रहे हैं तो यह ध्यान रखें कि पुरानी घिसी-पिटी बातें जो सभी के रिज्यूमे में होती है, उसको फॉलो न करें। आप अपने रिज्यूमे में कुछ ऐसी बातें डालने की कोशिश करें जो आपको दूसरों से अलग बनाएं ।

## इंटरव्यू इंफॉर्मेशन
जब आप इंटरव्यू देने जाएं तो सिर्फ सवालों के जवाब न दें बल्कि अपनी आवश्यकतानुसार कुछ सवाल आप भी पूछ लें। जैसे कि इंटरव्यू लेने वाले का नाम क्या है? वे क्या करते हैं? इंटरव्यू देकर निकलें तो धन्यवाद कहना न भूलें।

## इंटरव्यू में सीधी बात करें
इंटरव्यू में घुमावदार जवाब देने से बचें। सवालों का सीधा जवाब दें। अगर आपसे आपकी कमजोरी के बारे में पूछा जाए तो अपनी कमजोरी ही बताएं। कुछ लोग अपने को स्मार्ट दिखाने के चक्कर में कुछ ज्यादा ही बोल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर वे ज्यादा काम करने को अपनी कमजोरी बताने लगते हैं। इसलिए ऐसे सवालों की तैयारी पहले से करें।



Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## ताईक्कांडो तथा शूटिंग खेल में खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर दिखाया दमखम-आशा रानी



Faridabad/Alive News

खेल विभाग हरियाणा द्वारा ताइक्कांडो तथा शूटिंग खेल में 26 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक आयोजित कराये जा रहे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2024 का समापन किया गया। समापन समारोह में जिला खेल कार्यकारी अधिकारी आशा रानी द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय आने वाले जिलों को ट्रॉफी दी गई। समापन समारोह के अवसर पर हॉकी प्रशिक्षिका निरेश यादव, एथलेटिक्स प्रशिक्षक धर्मेन्द्र, उपाधीक्षक चेतन कुमार गांधी, बास्केटबॉल प्रशिक्षक राजेन्द्र सिंह, तलवारबाजी प्रशिक्षक कपिल, टेबल-टेनिस प्रशिक्षक मनोज सिंह यादव, जूडो प्रशिक्षक हेमंत, तीरंदाजी प्रशिक्षक दीपक, ताइक्कांडो प्रशिक्षक पूजा चौधरी, बॉक्सिंग प्रशिक्षक सुदीप, रवि, अरुण जालेन्द्र, अभिजीत सहित स्टेनो-टाइपिस्ट और अन्य स्टाफ भी शामिल था। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के ताइक्कांडो का समापन इंडोर स्टेडियम में करवाया गया, जिसके परिणाम निम्न प्रकार से रहें लड़को की ओवर आल ट्रोफी श्रेणी में फरीदाबाद प्रथम स्थान पर, सोनीपत द्वितीय स्थान पर तथा पंचकूला तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार लड़कियों की ओवर आल ट्रोफी श्रेणी मे पंचकूला स्थान पर, सोनीपत द्वितीय स्थान पर तथा गुरूग्राम तृतीय स्थान पर रहा।

## ओल्ड फरीदाबाद के सरकारी स्कूल में आपदा प्रबंधन पर सेमिनार



Faridabad/Alive News

राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मंजुला चौधरी ने बताया कि चीफ वार्डन सिविल डिफेंस एवं विषय विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन डॉ एमपी सिंह ने हमारे विद्यालय की 2137 छात्राओं को भूकंप, बाढ़, बादलों का फटना, अधिक बरसात का हो जाना,भूस्खलन आदि के बारे में बताया। डॉ एमपी सिंह ने कहा कि आजकल बरसात का समय चल रहा है और जगह-जगह पानी भर जाता है जिसकी वजह से रास्ते में खुले मैन हाल, गटर तथा गड्ढों का पता नहीं चल पाता है इसलिए रास्ते का प्रयोग करते हुए आसपास के लोगों से जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए तथा अधिक बरसात में घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए । बरसात के दौरान कई बार जमीन, मकान दुकान आदि में करंट आ जाता है जिसकी वजह से मौत हो जाती है इसलिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए। डॉ एमपी सिंह ने कहा कि अधिक बरसात होने पर कई जगह बाढ़ आ जाती है भूस्खलन होने से रास्ते बंद हो जाते हैं पहाड़ी क्षेत्र में पैर फिसलने से जानलेवा दुर्घटना हो जाती हैं गाड़ियों के टायर स्लिप हो जाते हैं इसलिए बरसात के दौरान घूमने फिरने का कार्यक्रम नहीं रखना चाहिए। इस अवसर पर डॉ एमपी सिंह ने बालिकाओं की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए काफी विस्तार पूर्वक जानकारी दी और स्कूल आते जाते समय, विवाह शादी में आते-जाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रवक्ता रविंद्र कुमार एवं सतीश कुमार की अहम भूमिका रही।

## आम की सरकार बनते ही दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा का विकास होगा-सुनीता केजरीवाल



Faridabad/Alive News

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल पांच गारंटी आई,फ्री शिक्षा,फ्री बिजली,रोजगार ,फ्री इलाज और हर महिला को हर महीने 1000 रुपये खाते में देने का वायदा किया।और कहा कि हमने दिल्ली और पंजाब में करके दिखाया है और अब हरियाणा की बारी है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने पूर्वांचल प्रवासियों के दर्द को खुलेआम मंच से बताया और कहा किस तरह सत्ताधारी सरकारें प्रवासियों का शोषण करती आई हैं, चारों तरफ माफिया राज है और भाजपा सरकार रोजगार देने में नाकामयाब है। इस मौके पर एनआईटी 86 विधानसभा से जनसैलाब के साथ आये आम आदमी पार्टी के एनआईटी 86 विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व प्रवासी नेता संतोष यादव ने सुनीता केजरीवाल और प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता को बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद लिया। संतोष यादव ने मंच से क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही एनआईटी 86 विधानसभा से माफिया राज खत्म कर देंगे और फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री इलाज और साफ सुथरा विधानसभा देगें, जो हरियाणा में एक मिसाल होगा। संतोष यादव ने कहा कि एनआईटी 86 विधानसभा राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक, प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, उपाध्यक्ष अनुराग ढांढा, संगठन मंत्री पंडित राजेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष हरेन्द्र भाटी के नेतृत्व में सबसे ज्यादा वोटों से जीतकर अरविंद केजरीवाल के हाथों को मजबूत करेंगे। इस मौके पर एनआईटी 86 विधानसभा से राणा यादव, इंद्रेश, संजय कुमार, अनिता, गुड्डी, किरण, राजकुमार, विनोद, रणजीत, सुशील, कुलदीप हरजिंद्र, सचिन, भोपाल, सुदेश राणा, प्रवक्ता नरेश शर्मा, भीम यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# 60 फीट डिस्पोजल की मोटर खराब और बरसात में सड़क लबालब

## निगम अधिकारी भाजपा सरकार की विदाई कराने की तैयारी में !

Swaranjali/Alive News




**फीरदाबाद:** पर्वतीय कॉलोनी 60 फीट रोड स्थित डिस्पोजल पर नाले का पानी लिफ्ट कर गोच्छी ड्रेन में डालने वाली मोटर काफी समय से खराब है। मोटर खराब होने की वजह से बरसात का पानी 60 फीट रोड पर इक्कठा हो रहा है। नगर निगम द्वारा करोड़ो रूपए खर्च कर एख साल पहले ही 60 फीट रोड ऊंचा उठाने का काम किया गया था लेकिन डिस्पोजल की मोटर सुचारू रूप से न चलने के कारण बरसात का पानी 60 फीट रोड पर लबालब भरा रहता है जिसकी वजह से हजारों लोगों को आवागमन करने परेशानी उठानी पड़ती है। 60 फीट रोड के दोनों ओर चार प्राइवेट स्कूल हैं सड़क पर बरसात का पानी भरने से बच्चों के डूबने का डर अभिभावकों में बना रहता है।

बता दें कि पिछले शुक्रवार की सुबह बरसात के कारण 60 फीट रोड डूब गया था लेकिन नगर निगम के कामचोर अधिकारी भाजपा सरकार को आगामी विधानसभा में चलता करने की रणनीति के तहत जनता की मूलभूत सुविधाओं में लगातार लापरवाही कर रहें हैं। हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री के दौरे के बाद भी अधिकारियों में डर न होना भाजपा सरकार की विदाई का होना तय है क्योकि हरियाणा शहरी निकाय मंत्री और मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की बैठक के दौरान कई बार कहा है कि लापरवाह अधिकारियों का बक्सा नही जाएगा। इन आदेशों के बाद भी फरीदाबाद के लापरवाह अधिकारियों ने मॉनसून से पहले डिस्पोजल की खराब मोटर को भी ठीक नही कराया है और जिस से बरसात में अब 60 फूट रोड पर पानी से लबालब भरा रहता है

**क्या कहना है लोगों का**

अधिकारियों की कामचोरी और अनदेखी के कारण लाखों लोग जलजनहित बीमारी का शिकार हो रहें है। सरकार के करोड़ो रुपए खर्च करने के बाद भी हमें इस नर्क में जीना पड़ रहा है।

**-सरदार सतनाम, स्थानीय पर्वतीय कॉलोनी निवासी**

इस 60 फुट रोड पर करीब आधा दर्जन स्कूल लगते है स्कूल भेजते समय अभिभावकों में बच्चों के डूबने का डर बना रहता है अधिकारी लापरवाही छोड़कर जलभराव का समाधान करें।

**-हेमंत, स्थानीय पर्वतीय कॉलोनी निवासी**

60 फीट रोड जवाहर कॉलोनी और पर्वतीय कॉलोनी के लोगों के लिए बरसात के मौसम में अभिशाप बन जाता है लोगों का घर से निकलना बंद हो जाता है अब सड़क को उंचाउठाने के बाद जवाहर कॉलोनी और नपर्नतीय कॉलोनी के मकानों में पानी प्रवेश कर जाता है फिर भी 60 फीट रोड का पानी कम नही होता क्योंकि प्रशासन न तो नाले साफ कराता है न ही डिस्पोजल की देखरेख करता है

**-शशांक सक्सेना, स्थानीय पर्वतीय कॉलोनी निवासी**

**क्या कहना है अधिकारी का**

60 फीट रोड डिस्पोजल की मोटर पहले भी ठीक कराई जा चुकी है लेकिन कचरा फसने के कारण मोटर दोबारा से खराब हो गई है जिसे जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा।

**-पदम भूषण, कार्यकारी अभियंता**

## बड़खल गांव का सरकारी स्कूल पानी से लबालब, अभिभावकों में बच्चों को लेकर बढ़ी चिंता

Faridabad/Alive News

बड़खल गांव के सरकारी स्कूल परिसर में बारिश होने की वजह से पानी भर गया है जिसके चलते स्कूल परिसर तालाब में तब्दील हो गया है स्कूल में बच्चों को पानी से होकर क्लास में जाना पड़ रहा है, परंतु अधिकारी अपनी कुर्सी को छोड़ने का नाम नहीं ले रहें है।वैसे तो सरकारी स्कूल में सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर कई दावे किए जाते हैं लेकिन बरसात आते ही एक बार फिर से सरकारी स्कूल की अव्यवस्था सामने आई है।

बता दें कि पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण स्कूल परिसर में पानी भर गया है जिसके चलते स्कूल के अध्यापकों और विद्यार्थियों पानी से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। स्कूल परिसर में पानी भरने की वजह से छोटे बच्चों की जान पर भी खतरा बना हुआ है ऐसे में कुछ अभिभावक भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने में कतरा रहे हैं।

वहीं दूसरी तरफ अभिभावकों में यह डर बना हुआ है कि गंदे पानी की वजह से उनके बच्चे कहीं बीमार और मौसमी बीमारी से संक्रमित न हो जाए। अभिभावकों का कहना है कि आसपास के क्षेत्र का पानी स्कूल परिसर में भर रहा है। बरसात के पानी के अधिक भराव के कारण स्कूल में आने वाले बच्चों के साथ दुर्घटना होने पर जिम्मेदार कौन होगा।



बड़खल गांव निवासी रमजान खान ने बताया कि स्कूल के परिसर में बरसात की वजह से जलभराव हो रहा है उनके परिवार के छोटे छोटे बच्चे स्कूल जा रहे हैं स्कूल की स्थिति देखकर बच्चों के साथ दुर्घटना होने का मन में खतरा बना हुआ है लेकिन सरकार में प्रशासनिक अधिकारी स्कूल के परिसर में पानी निकासी का कोई प्रबंध नहीं कर रहें हैं हादसे होने के बाद अधिकारी फाइल बनाने के काम में आगे हैं उन्होंने कहा कि हाल ही दिल्ली की आईएएस एकेडमी में हादसे के बाद देशभर में अधिकारी कोचिंग सेंटर पर छापा मारकर खानापूर्ति कर रहें हैं हालांकि अधिकारियों की लापरवाही की वजह से तीन बच्चों की जान भी जा चुकी है शायद ऐसे ही हादसे के इंतजार में फरीदाबाद प्रशासन है।

## आशीर्वाद स्कूल के विद्यार्थियों ने मनाया वन महोत्सव

Faridabad/Alive News

सेक्टर-21डी एसजीएम नगर स्थित आशीर्वाद पब्लिक स्कूल की जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ वन महोत्सव मनाया। वन महोत्सव में बच्चे ने स्कूल मैनेजमैंट के साथ मिलकर पौधारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक जागरूकता रैली में सक्रिय रूप से भाग लिया। बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे कि नाटक, नृत्य और कविताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल की चेयरपर्सन, निदेशक और प्रधानाचार्या ने भी छोटे आर्शिवादियों के साथ पौधा रोपण किया, जिस से बच्चों के लिए पौधा रोपण एक यादगार और सार्थक आयोजन बना। स्कूल की चेयरपर्सन साध्वी श्रीदेवी ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि पेड़-पौधों से न सिर्फ जीवन है बल्कि पृथ्वी की खूबसूरती भी समाहित है। इसलिए हमें पेड़-पौधों लगाते रहना चाहिए। स्कूल की निदेशक अंशु सिंह ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। यह कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर हमारे लिए आक्सीजन को उत्सर्जित करते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति चौधरी ने बच्चों को कहा कि पेड़ लगाने से आपको पुण्य की प्राप्ति होगी, उसमें भी अगर आप पीपल, बरगद, नील, आम, जामुन जैसे पेड़ों को लगाएंगे तो यह आपकी हर तरीके से मदद करेंगे।




## सड़क निर्माण पूरा होने से आवागमन में आएगी सुगमता: नीरज शर्मा

Faridabad/Alive News

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की वार्ड नंबर-9 स्थित नंगला इंक्लेव पार्ट-1 आनंद ज्योति आश्रम एरिया एवं आरा मशीन रोड में लगभग 38 लाख रूपये की लागत से सीवर लाईन और वार्ड नंबर-5 झगड़े वाला ट्रांसफार्मर से मैन सीवरेज लाईन सोहना रोड वाया नेतराम सरिया रोड पर लगभग 88 लाख की लागत सीवरेज लाईन के विकास कार्यो का वहां की जनता से नारियल फोड़ कर शुभांरभ किया। इसके अलावा नंगला इंक्लेव स्थित 9 गलियों में लगभग 70 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग टाईल, नालियों तथा के.डी. स्कूल स्थित अतर सिंह वाली गली में लगभग साढ़े 3 लाख रूपये की लागत से टयूबवैल का उदघाटन किया। विधायक नीरज शर्मा उदघाटन के अवसर पर एनआईटी-86 की जनता को बताया कि यह सभी विकास कार्य 28 करोड़ की फाईल जो एनआईटी-86 के विकास कार्यो के लिए बनाई गई थी उनमें से यह कार्य शुरू हुए है और इसके इलावा अब एनआईटी-86 के विभिन्न वार्डो लगभग साढे 3 करोड की फाईले नगर निगम आयुक्त से पास हुई है जिन पर विकास कार्य जल्द शुरू हो जाएंगे।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग थी और इसके पूरा होने से आवागमन में सुगमता आएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता का होगा और इसे निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा।

इस मौके पर निवर्तमान महेन्द्र सरपंच, जयवीर खटाना और नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा, राममेहर प्रधान, राम सिंह यादव, गोविन्दा, राहुल चौधरी, चौधरी छत्तर सिंह, उस्मान प्रधान, नौरंग लाल, सत्यभान पंड़ित जी, त्रिलोक सिंह तंवर, धर्मदत्त शर्मा, ओमप्रकाश, राजवीर सिंह पाल, अविनाश शर्मा, सुरेश तेवतिया, हरीराज चौधरी, इन्द्रपाल फौजी, शिव प्रकाश पाठक, आनंद राय, सत्यभान पंड़ित जी, मनीष, राम अवतार, प्रवीण यादव,सतीश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## चुनाव नजदीक आते ही कृष्णपाल व सीमा त्रिखा को याद आने लगा सडक़ों का उद्घाटन : विजय प्रताप

Faridabad/Alive News

चुनाव नजदीक आते ही केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा को याद आने लगा है सडक़ों का उद्घाटन।रविवार को शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने सैनिक कॉलोनी में उन्होंने सडक़ का उद्घाटन किया। सितम्बर 2019 में भी उद्घाटन करके गई थी, लेकिन वो कार्य अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। उसी कड़ी में जो अधूरे कार्य पड़े हुए हैं, उनका आज फिर से उद्घाटन करके गई हैं। इनका पहले से ही तयशुदा कार्यक्रम था कि चुनाव से पहले सडक़ें बनाओ, तो चार साल गड्ढों में घूमते रहें और चुनाव नजदीक आने पर सडक़ें बना दो। सैनिक कॉलोनी के हालात बद से बदतर हो चुके हैं, मार्केट की हालत खराब है, पूरी मार्केट में टॉयलेट की सुविधा नहीं है, कम्युनिटी सेंटर में पानी भरा हुआ है। बडख़ल गांव, भांखरी-पाली रोड का हालात लोगों के सामने है। पानी भी तक जाकर लोगों को मिलना शुरू हुआ है, जब हमने एफएमडीए एवं नगर निगम कार्यालय पर धरना दिया है। इसके बावजूद भी पानी पूरा नहीं आ रहा है। सडक़ों के लिए भी नगर निगम कार्यालय पर धरना दिया गया है, पानी के बूस्टर यह भर नहीं पा रहे हैं, ऊपर से लोगों पर अहसान दिखा रहे हैं। पूरे शहर में सडक़ें खुद पड़ी है, गंदगी का बुरा हाल है। अनखीर से लेकर सैनिक कॉलोनी तक पूरे मेन रोड को तोड़ दिया गया है। ऐसे में चुनाव सिर पर हैं, कहां-कहां तक यह सुधार पाएंगे। विजय प्रताप ने कहा कि पूरे 5 साल में इन्होंने लोगों की सुध नहीं ली, जब चुनाव के मात्र दो महीने शेष बचे हैं, तो ये लोग नारियल फोडऩे का काम कर रहे हैं और क्षेत्र की जनता को बेवकूफ बनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम में पिछले 10 वर्षो में 20 हजार करोड़ रुपए का हिसाब इनको देना चाहिए, सुलभ शौचालयों के नाम पर आए करोड़ों रुपए ये लोग हजम कर गए, लेकिन शहर की जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिला। आज समय आ गया है, इनसे पाई-पाई का हिसाब लेने का। क्षेत्र की जनता को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता, जनता का पैसा कहां लगा, इनको हिसाब देना होगा। जिस प्रकार के हालात आज बडख़ल विधानसभा क्षेत्र के हैंख् इससे बुरे हालात कभी नहीं रहे।

## वार्ड-9 में नगर निगम का इंजिनियरिंग विभाग हुआ फेल, पानी निकासी के विपरीत दिया नवनिर्माण नाले का ढलान, पार्ट-एक पानी में डूबा

Swaranjali/Alive News

**फरीदाबाद:** वार्ड 9 नंगला एन्क्लेव पार्ट एक पुरानी पुलिस चौकी पॉकेट और आश्रम रोड पर पानी निकासी के लिए बनाए गए नाले को लेकर नगर निगम का इन्जीनियर विभाग फेल हो गया और पानी निकासी की विपरीत दिशा में ढलान देकर नंगला एन्क्लेव पार्ट-एक के 22 फीट रोड को डूबाकर छोड़ दिया है। इसके अलावा अधिकारी मेन नाले से जोड़ना भूल गए हैं जिसकी वजह से बरसात का पानी सीवर के गंदे पानी के साथ सड़क पर जमा है।

लोगों का आरोप है कि पानी की निकासी के लिए नाले को ढलान न देकर ठेकेदार ने उसे नीचा कर दिया है, जिसकी वजह से पुरानी पुलिस चौकी 22 फीट रोड बरसात और सीवर के पानी से डूबा गया है। ऐसे में लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए लाखों रुपए खर्च किए गए थे, परंतु नगर निगम इंजीनियर डिपार्टमेंट के अधिकारियों की अनदेखी के कारण लोगों को इस परेशानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इसके अलावा सीवर ओवरफ्लो की समस्या भी अपने चर्म पर है।



**क्या कहना है लोगों का**

नगला एन्क्लेव पार्ट एक के निवासी मुकेश शर्मा ने बताया कि नगर निगम इंजीनियर डिपार्टमेंट के अधिकारियों की अनदेखी के कारण जनता को इस परेशानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। बरसात का पानी चाचा चौक के नोले में जाने की बजाय पुरानी पुलिस चौकी की 22 फीट रोड पर जमा रहा है जिसकी वजह से लोगों को सड़क पर आवागमन करने में परेशानी हो रही है।

नंगला एन्क्लेव पार्ट एक की निवासी सरोज चौहान ने बताया कि सड़क निमार्ण के लिए करोड़ों रूपए खर्च किए जाते हैं। परंतु अब सड़क का हाल देखकर यह साफ हो रहा है कि अधिकारी सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। साथ ही उनका कहना है कि सड़क पर पानी का भराव होने की वजह स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**क्या कहना है अधिकारी का**

इस संबध में जब हमने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता पदमभूषण से बात की तो उन्होंने बताया कि अगर नाले को मेन नाले से कनेक्ट कर दिया जाएगा तो नंगला एन्क्लेव पार्ट एक क्षेत्र में पानी का भराव और ज्यादा बढ़ जाएगा। सीवर ओवरफ्लो है तो सफाई करा दी जाएगी।

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# जया को रोऊँ की रोऊँ जगदीप को ?



राकेश अचल

आज और कल का दिन इस मुद्दे का सम्यक हल निकालने के लिए सत्तापक्ष और खुद धनकड़ साहब के पास है । धनकड़ साहब को समझ लेना चाहिए कि अकड़ से काम नहीं चलेगा । उन्हें इस मामले में अपना आदर्श पूर्व सभापति स्वर्गीय डॉ शंकर दयाल शर्मा के व्यवहार को बना लेना चाहिए।

राज्यसभा में पांचवीं बार पहुंची सातवें दशक की गुड्डी यानि आज की जया बच्चन और राज्यसभा के सभापति जगदीप घनकड़ के बीच हुए वाक्युद्ध के बाद लगता है के राजनीति में कड़वाहट का नया अध्याय शुरू होगा। इस नए अध्याय में जया बच्चन का तो कुछ नहीं बिगड़ेगा लेकिन जगदीप धनकड़ हमेशा के लिए एक नाकाम सभापति के रूप में दर्ज हो जायेंगे ,भले ही विपक्ष द्वारा लाया जाने वाला अविश्वास प्रस्ताव सदन में पारित हो या न हो।

संसद के उच्च सदन के सभापति लोकसभा के अध्यक्ष श्रीमान ओम बिरला की ही तरह कठपुतली साबित हुए हैं। दोनों अपने आपको भाजपा का ार्यकता होने की ग्रंथि से मुक्त नहीं हो पाए। काश यदि ऐसा हो जाता दो सदन को और देश को ऐसे बुरे दिन नहीं देखना पड़ते। समस्या ये है की हम धनकड़ का समर्थन करें या जाया बच्चन का ? जया बच्चन अपनी जगह सही हैं और धनकड़ को तो सही होना ही है क्योंकि वे सभापति हैं। लेकिन दुनिया भर के देहभाषा विशेषज्ञ बता सकते हैं कि राज्य सभा में इस कड़वाहट के लिए जिम्मेदार कौन है ?

राज्यसभा के सभापति श्रीमान जगदीप घनकड़ ने घाट -घाट का पानी पिया है लेकिन वे उम्र और अनुभव में जया बच्चन से उन्नीस ही बैठते है। जगदीप जी, जया से तीन साल छोटे है। वे केंद्र में एक बार मंत्री रहे हैं लेकिन जया बच्चन राज्य सभा में पांचवीं बार आयीं हैं । धनकड़ साहब 1978 से सार्वजनिक जीएवं में हैं और जया बच्चन 1968 से। मैंने उनकी पहली फिल्म महानगर भी देखी है और आखरी फिल्मी ड्रामा रॉकी और रानी की प्रेम कहानी भी देखी है । जब मै युवा था तब मेरी निकटता एक पत्रकार के रूप में जया बच्चन के पिताश्री स्वर्गीय तरुण भादुड़ी से भी थी। वे बताया करते थे कि जया बचपन से तुनकमिजाज रही है ,लेकिन लड़ती हमेशा मुद्दों को लेकर है।

धनकड़ साहब को मै एक केंद्रीय मंत्री के रूप में याद नहीं कर पा रहा हूँ । वे 1990 -91 में तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की अल्पजीवी सरकार के संसदीय कार्यमंत्री थे। धनकड़ की असल पहचान पश्चिम बंगाल के राज्यपाल



बनने के बाद हुई । राज्यपाल के रूप में जगदीप साहब ने जिस तरह से भाजपा कार्यकर्ता के रूप में बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी से टक्कर ली उसने उन्हें सुर्खियों में ला दिया। बंगाल में उनकी कोशिशों के बावजूद ममता सत्ताच्युत नहीं हो पायीं ,लेकिन धनकड़ साहब की ईनाम स्वरूप देश का उपराष्ट्रपति बना दिया गया। इस नाते वे राज्यसभा के सभापति बन गए ,लेकिन वे ये याद नहीं रख पाए कि एक राज्यपाल की भूमिका और एक सभापपति की भूमिका में जमीन -आसमान का भेद है। माननीय धनकड़ साहब को मै लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला जी के मुकाबले ज्यादा योग्य मानता हूँ। ये मेरी निजी राय है । वे वाकपटु हैं ,विनोदी हैं, सहनशील हैं लेकिन बिरला और धनकड़ में जो समानता है वो ये है कि दोनों अपने आपको मोशा की जोड़ी का वफादार साबित करने की होड़ में स्तरहीन साबित हो गए हैं।

शुक्रवार को राज्यसभा में धनकड़ और जया बच्चन की तकरार जिसने भी देखी उसे ये समझने में कोई दिक्क्त नहीं हुई होगी कि धनकड़ साहब आपे से बाहर थे। जया बच्चन ने जो मुद्दा उठाया था उसे सहजता से सुलटाया जा सकता था । उसके लिए किसी कानून की नहीं बल्कि हिकमत अमली की जरूरत थी । लेकिन धनकड़ साहब लगातार इस बात पर अड़े रहे कि जया बच्चन का जो नाम रिकार्ड में दर्ज है वे उसी का उल्लेख कर रहे हैं। सवाल ये है की क्या वे ऐसा सबके साथ करते हैं ? क्या कभी उन्होंने नरेंद्र मोदी जी को रिकार्ड में दर्ज नरेंद्र दामोदर दास मोदी या गृहमंत्री अमित शाह को उनके पूरे नाम से सम्बोधित किया ? शायद नहीं किया और कर भी नहीं सकते क्योंकि वे सरकार के एजेंट के रूप में काम करते दिखाई देते है। देश ने उन्हें सभापपति कि पद पर बैठकर आरएसएस का समर्थन करते हुए देखा है। धनकड़ साहब जितने अविश्वसनीय बंगाल कि राज्यपाल कि रूप में थे ,उतने ही अविश्वसनीय राज्य सभा कि सभापति के रूप में भी हैं।

हमारे यहां कहते हैं कि - अभी भी बेटी बाप की है अर्थात यदि धनकड़ साहब अपने व्यवहार के लिए खेद प्रकट कर दें तो मुमकिन है कि विपक्ष उन्हें माफ कर दे ,लेकिन यदि वे इतना भी नहीं करते तो तय है कि विपक्ष उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। सत्ता पक्ष धनकड़ को बचाने कि लिए विपक्ष कि खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन ये समस्या का समाधान नहीं है ,बल्कि इससे कटुता और बढ़ेगी और भविष्य में सदन को चलना मुश्किल हो जाएगा। धनकड़ के व्यवहार को लेकर जया बच्चन इस बार अकेली नहीं हैं। समूचा विपक्ष उनके समर्थन में सदन का बहिष्कार कर चुका है। जया बच्चन ने भी साफ कह दिया है कि इस मुद्दे पर वे निजी रूप से कोई फैसला नहीं लेंगी ,जो करना है विपक्ष को करना है । विपक्ष के नेता जो कहेंगे सो होगा। यानि पेंच उलझ गया है।

आज और कल का दिन इस मुद्दे का सम्यक हल निकालने के लिए सत्तापक्ष और खुद धनकड़ साहब के पास है । धनकड़ साहब को समझ लेना चाहिए कि अकड़ से काम नहीं चलेगा । उन्हें इस मामले में अपना आदर्श पूर्व सभापति स्वर्गीय डॉ शंकर दयाल शर्मा के व्यवहार को बना लेना चाहिए। अन्यथा किरकिरी धनकड़ साहब की ही होने वाली है। जया बच्चन का कुछ नहीं बिगड़ने वाला। इस मामले में भाजपा के नेतृत्व से कोई अपेक्षा करने का कोई अर्थ नहीं है। देखिये राजयसभा में कटुता की बेल मुरझाती है या और फैलती है।? मेरी मुश्किल है कि मै न जया बच्चन को सराहना चाहता हूँ और न धनकड़ साहब को । जया जी को भी समझना चाहिए की वे 1971 वाली जया नहीं हैं। वे 2024 की जया बच्चन हैं।

## संपादकीय

### खुशी का माहौल

हाकी और जेवलिन थ्रो में आए कांस्य और रजत पदकों के आने पर देश में एक बार फिर खुशी का माहौल बन गया है। असल में विनेश फोगाट के फाइनल में पहुंचने के बाद अयोग्य होने से देश सदमे की स्थिति में पहुंच गया है। यह सच है कि हाकी का पदक देशवासियों में एक अलग ही ऊर्जा पैदा करता है। इसकी वजह इस खेल में दशकों तक भारत की बादशाहत बना रहना है। इसकी वजह से ही देशवासी हाकी को दिलो-जान से चाहते हैं। भारत टोक्यो ओलंपिक में जब 41 साल बाद ओलंपिक हाकी में कांस्य पदक जीतकर पोड़ियम पर चढ़रहा था, तो उसने टीम और देश को भावुक बनाया था, लेकिन इस बार पोड़ियम पर चढ़ने ने भरोसा बनाया है कि अब हम बिग लीग वाली टीमों में शामिल ही नहीं हुए हैं बल्कि किसी भी टीम को हरा सकने का माद्दा रखते हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कांस्य पदक जीतने के बाद जो कहा, वह इसकी ही तस्दीक करती है। उन्होंने कहा कि लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतना हमारे लिए बहुत बड़ा पल है पर हमें सोने का तमगा नहीं जीत पाने का अफसोस है। इस बात में दम भी है। भारत ने ग्रुप मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को हराया और क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को फतह किया। जर्मनी के खिलाफ यदि कुछ गलतियां नहीं होतीं तो फाइनल तो खेल ही रहे होते। जहां तक बात नीरज चोपड़ा की है तो उनके स्वर्ण के बजाय रजत जीतने में उनके प्रयासों में कमी का नतीजा ना होकर नदीम अशरफ के असाधारण प्रदर्शन का नतीजा है। सही मायनों में एक बार नदीम के 92.97 मीटर की थ्रो करने के बाद सभी ने मान लिया था कि गोल्ड़ तो गया। हालांकि नीरज ने 89.45 मीटर का सीजन का बेस्ट प्रदर्शन किया। नीरज चोपड़ा लगातार दो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत जीतने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। हाकी के कांस्य और नीरज के रजत से देश में खुशियां जरूर आई हैं पर पिछले ओलंपिक से भी खराब प्रदर्शन करके एक रजत और चार कांस्य पदक जीतना अच्छा प्रदर्शन तो कतई नहीं है। इसमें विनेश का पदक और जुड़ सकता है। इतना जरूर है कि विनेश यदि सोने का तमगा ले आतीं तो प्रदर्शन पिछली बार से बेहतर हो सकता था। यह जरूर है कि हमारे चार पांच खिलाड़ी बहुत ही मामूली अंतर से पिछड़क र चौथे स्थान पर रहे और वह पदक से वंचित हो गए। पर इससे लगता है कि खिलाड़िय़ों की मानसिक मजबूती पर काम करने की जरूरत है। इस क्षेत्र में काम कर-के प्रदर्शन को सुधारा जा सकता है।



## चिंतन-मनन

### उपयोगी हल

एक बार की बात है एक राजा था। उसका एक बड़ा-सा राज्य था।एक दिन उसे देश घूमने का विचार आया और उसने देश भ्रमण की योजना बनाई और घूमने निकल पड़ा। जब वह यात्रा से लौट कर अपने महल आया। उसने अपने मंत्रियों से पैरों में दर्द होने की शिकायत की। राजा का कहना था कि मार्ग में जो कंकड़ पत्थर थे वे मेरे पैरों में चुभ गए और इसके लिए कुछ इंतजाम करना चाहिए। कुछ देर विचार करने के बाद उसने अपने सैनिकों व मंत्रियों को आदेश दिया कि देश की संपूर्ण सड़कें चमड़े से ढंक दी जाएं। राजा का ऐसा आदेश सुनकर सब सकते में आ गए। लेकिन किसी ने भी मना करने की हिम्मत नहीं दिखाई। यह तो निश्चित ही था कि इस काम के लिए बहुत सारे रुपए की जरूरत थी। लेकिन फिर भी किसी ने कुछ नहीं कहा। कुछ देर बाद राजा के एक बुद्धिमान मंत्री ने एक युक्ति निकाली।

उसने राजा के पास जाकर डरते हुए कहा कि मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूँ। अगर आप इतने रुपयों को अनावश्यक रूप से बर्बाद न करना चाहें तो एक अच्छी तरकीब मेरे पास है। जिससे आपका काम भी हो जाएगा और अनावश्यक रुपयों की बबार्दी भी बच जाएगी। राजा आश्चर्यचकित था क्योंकि पहली बार किसी ने उसकी आज्ञा न मानने की बात कही थी। उसने कहा बताओ क्या सुझाव है। मंत्री ने कहा कि पूरे देश की सड़कों को चमड़े से ढंकने के बजाय आप चमड़े के एक टुकड़े का उपयोग कर अपने पैरों को ही क्यों नहीं ढंक लेते। राजा ने अचरज की दृष्टि से मंत्री को देखा और उसके सुझाव को मानते हुए अपने लिए जूता बनवाने का आदेश दे दिया। यह कहानी हमें एक महत्वपूर्ण पाठ सिखाती है कि हमेशा ऐसे हल के बारे में सोचना चाहिए जो ज्यादा उपयोगी हो। जल्दबाजी में अप्रायोगिक हल सोचना बुद्धिमानी नहीं है। दूसरों के साथ बातचीत से भी अच्छे हल निकाले जा सकते हैं।

# महिला पहलवान विनेश फोगाट को देश के लिए फिर से उठना होगा!



डॉ श्रीगोपाल नारसन



महिला पहलवान विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक से बाहर हो जाने पर राजनीति करने के बजाए उस बेटी को होंसला देंकर फिर से देश के लिए कुश्ती के मैदान में उतारने की आवश्यकता है।विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक में निर्धारित वजन से कुछ ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित की गई हैं।इसी कारण विनेश अब ओलंपिक में कोई मेडल नहीं जीत सकेंगी।

विनेश फोगाट महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फ्री स्टाइल स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश कर रही थीं। लेकिन जब उनका वजन किया गया तो उनका वजन मान्य वजन से कुछ ग्राम ज्यादा पाया गया।भारतीय दल ने विनेश के वजन को 50 किलोग्राम तक लाने के लिए थोड़ा समय मांगा लेकिन अंततः विनेश फोगाट को तय वजन से कुछ अधिक भार होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया।वजन लेने के समय महिला खिलाड़ी केवल सिंगलेट यानी स्लीवलेस शर्ट ही पहन सकते हैं।साथ ही बढ़े हुए वजन के मामले में कोई समझौता नहीं हो सकता है।किसी भी भार वर्ग के मुकाबले के पहले दिन सुबह के समय मेडिकल जाँच और वजन किया जाता है।इस दौरान रेसलर मेडिकल परीक्षण से गुजरते हैं। यहां फिजिशियन ऐसे किसी भी रेसलर को बाहर का रास्ता दिखा देते हैं, जिनसे कोई संक्रामक रोग फैलने के लक्षण हो। खिलाड़ियों को अपने नाखून भी छोटे-छोटे रखने पड़ते हैं।जो निर्धारित भारवर्ग के लिहाज से फिट पाए जाते हैं, उन्हें ही खेलने दिया जाता है। जो लोग फाइनल के लिए क्वॉलिफाई करते हैं, उन्हें दूसरे दिन की सुबह भी वजन करवाना होता है।यूडब्ल्यूडब्ल्यू के नियम कहते हैं कि इस दौरान भी वजन में किसी तरह का समझौता नहीं हो सकता।निर्धारित नियमों के अनुसार, वजन करने की पूरी प्रक्रिया के दौरान रेसलर के पास ये अधिकार है कि वे कितनी भी बार मशीन पर वजन करा सकते हैं। चुने गए रेफरियों की ये ज़िम्मेदारी होती है कि वे सभी भार वर्ग के प्रतिभागियों के वजन की जाँच करें, साथ ही ये भी सुनिश्चित करें कि खिलाड़ी सभी मानदंडों को पूरा करता हो।

अगर कोई एथलीट वजन की प्रक्रिया पूरी नहीं करता या इसमें फेल हो जाए तो उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाता है और फिर उसे सबसे आखिरी पायदान पर रखा जाता है।अगर कोई फाइनलिस्ट प्लेयर फाइनल से पहले वजन को लेकर अयोग्य घोषित होता है तो उसकी जगह सेमीफाइनल में हारे खिलाड़ी को मौका दिया जाता है। ओलंपिक में किसी भार वर्ग के मुकाबले के लिए कई बार खिलाड़ी अपना वजन कम करते हैं, यह वेट कटिंग कहलाता है।ऐसा दुनियाभर के खिलाड़ी करते हैं।

खिलाड़ी किसी प्रतियोगिता के कुछ सप्ताह पहले से अपना वजन कम करना शुरू कर देते हैं। वजन धीरे धीरे कम करना सुरक्षित होता है और कुछ हफ़्ते पहले वजन कम करने में स्वास्थ्य के प्रति खतरे रहते हैं। सवाल यह भी उठता है कि आखिर खिलाड़ी ऐसा क्यों करते हैं?वास्तव में ज्यादा वजन वाले मुकाबले में खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला करना, उससे कम वजन वाले खिलाड़ी के लिए बड़े नुकसान वाला होता है।कुछ खिलाड़ी टूनार्मेंट से पहले अपना वजन घटाते हैं तो कुछ टूनार्मेंट से पहले वजन भी बढ़ा लेते हैं।

इससे बचने के लिए आयोजक एक भार वर्ग के सभी मुकाबले एक ही दिन में करा लेते थे,जबकि अब मुकाबला दो दिनों में होता है ताकि कोई खिलाड़ी एक ही दिन में बहुत ज्यादा वजन कम कर मुकाबले में न उतर सके।कई पहलवान जो कम वजन की कैटगरी में खेलना चाहते हैं, उनको अपना खाना पीना कम करना होता है।कुछ लोग भूखे रहते हैं और इसका प्रतिकूल प्रभाव उनके शरीर पर पड़ता है।खेल से पहले खिलाड़ियों को स्वस्थ में आई कमजोरी से भी उबरना चुनौती भरा होता है। ऐसे में खुद के शरीर में इस तरह के बदलाव लाना आसान नहीं होता । अगर किसी पहलवान का वजन बॉर्डर लाइन पर है तो उसे अनचाहे तनाव का सामना करना पड़ता है।ओलंपिक 2016 में 48 किलो कैटगरी में विनेश फोगाट को अपना वजन कम करना पड़ा था और ये चुनौतीपूर्ण भी रहा था।बाद में विनेश इस कैटगरी के तहत जगह बनाने और खेलने में सफल रही ।मगर चोट के कारण विनेश को बाहर उस समय बाहर हो जाना पड़ा।विनेश फोगाट टोक्यो ओलंपिक में 53 किलो कैटगरी में भी खेली थीं मगर क्वार्टफाइनल में हार गई थीं।पेरिस में विनेश ने कुछ दिन पहले ही कम कैटगरी में खेलने और वजन कम करने का फैसला लिया था,जो उस पर भारी पड़ गया।मात्र कुछ ग्राम अधिक वजन विनेश फोगाट पर भारी साबित हुआ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, विनेश आप चैंपियनों की चैंपियन हैं,आप भारत का गौरव और हर एक भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज के सेटबैक ने दुखी किया है, काश! मैं जिस पीड़ा को अनुभव कर रहा हूं उसे शब्दों में कह पाता।प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, मैं जानता हूं कि आप में लड़ने की क्षमता है। चुनौतियों से टक्कर लेना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। आप और मजबूत होकर लौटिए, इस घड़ी में हम आपके साथ खड़े हैं।निश्चित ही प्रधानमंत्री का यह बयान विनेश फोगाट के हौंसले को बढाने वाला है।विनेश को भी अब कुश्ती से सन्यास के बेतुके निर्णय को छोड़कर पुनः कुश्ती के मैदान में उतरने के लिए तैयार होना चाहिए।

(लेखक राष्ट्रीय मुद्दों के चिंतक वरिष्ठ पत्रकार है)

# नजूल विधेयक : बेवजह का बवाल



प्रह्लाद सबनानी



बीते सप्ताह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विधान सभा में नजूल संपत्ति अधिनियम पेश किया गया। इस बिल को विधान सभा में तो पास कर दिया गया परंतु उत्तर प्रदेश विधान परिषद में इसका भारी विरोध हुआ जिसके चलते बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी की मांग पर इसे सदन ने पास करने की जगह प्रवर समिति को भेजने का फैसला लेकर इसे फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया। उत्तर प्रदेश में कड़े फैसले लेने के लिए मशहूर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लिया गया यह निर्णय सही जरूर प्रतीत होता है, परंतु जिस तरह इस विधेयक का विरोध उन्हीं की पार्टी द्वारा किया जा रहा है, तो ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में शायद कुछ संशोधन के साथ इसे पुनः पेश किया जाए।

उल्लेखनीय है कि जिस भी जमीन का कोई वारिस न हो और वो सरकार के अधीन हो, उसे नजूल जमीन कहते हैं। गौरतलब है कि औपनिवेशिक शासन में अंग्रेजों द्वारा भारत में बड़ी संख्या में जमीनों पर कब्जा किया गया था, लेकिन आजादी के बाद जिस भी नागरिक के पास उसकी जमीन के दस्तावेज थे उन्हें उनकी जमीन वापस मिल गई, परंतु ऐसी कई जमीनें थीं जिनकी मिल्कियत के प्रमाण या जीवित स्वामी उपलब्ध नहीं थे। ऐसी जमीनों को सरकार ने अपने पास रखा, जिसे नजूल जमीन कहा गया। आजादी के बाद इस नजूल जमीन पर यदि कोई रह रहा था तो उससे सरकार ने किराया वसूलना शुरू किया और उस जमीन को लंबे समय के लिए लीज पर देना शुरू कर दिया। इसके बावजूद ऐसी कई नजूल जमीनें हैं जिन पर लोग अवैध कब्जा कर रह रहे हैं, परंतु जैसे ही उत्तर प्रदेश में नजूल संपत्ति अधिनियम पेश हुआ, तो सरकार ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि जिस-जिस नजूल जमीन पर लोग गैरकानूनी ढंग से रह रहे हैं या जिन नजूल जमीनों की लीज का किराया सरकार को नहीं दिया जा रहा, उस नजूल जमीन को उत्तर प्रदेश की सरकार वापस ले लेगी और इस भूमि को सरकारी विकास कार्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। योगी जी द्वारा उठाया गया ये कदम सही था, परंतु विपक्ष को इस बात पर शक है कि विकास कार्य के नाम पर कहीं प्रदेश की लाखों करोड़ की हजारों एकड़ जमीन को अपने खास चुनिंदा लोगों के बीच बांट दिया जाएगा। इतना ही नहीं भाजपा के विधायक भी इस अधिनियम के विरोध में उतर आए हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में ऐसी कई जमीनें हैं जिन पर शागिर्द-पेशा वाले परिवार रह रहे हैं, जो सदियों से वहां रह रहे हैं, परंतु उनके पास कोई भी प्रमाण नहीं है। ऐसे में उनका क्या होगा? कई भाजपा विधायकों का तो यह भी कहना है कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री आवास योजना से बेघर लोगों को घर दिए जा रहे हैं और वहीं दूसरी ओर जो गरीब दशकों से यहां रह रहे हैं उन्हें बेघर किया जा रहा है। तो भला ऐसे बिल का क्या औचित्य? जैसे ही इस अधिनियम पर राजनीति तेज हुई विपक्ष भी खुलकर सामने आया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर इसका विरोध जताते हुए लिखा, 'नजूल लैंड का मामला पूरी तरह से 'घर उजाड़ने' का फैसला है क्योंकि बुलडोजर हर घर पर नहीं चल सकता है। जनता को दुख देने में भाजपा अपनी खुशी मानती है। जब से भाजपा आई है, तब से जनता रोजी-रोटी-रोजगार के लिए भटक रही है, और अब भाजपाई मकान भी छीनना चाहते हैं। क्या भू-माफियाओं के लिए भाजपा जनता को बेघर कर देगी? अगर भाजपा को लगता है कि उनका ये फैसला सही है तो हम डंके की चोट पर कहते हैं, अगर हिम्मत है तो इसे पूरे देश में लागू करके दिखाएं क्योंकि नजूल लैंड केवल यूपी में ही नहीं पूरे देश में है।' देखा जाए तो इस अधिनियम के विरुद्ध हो रहे विवाद में भाजपा और विपक्षी नेताओं का एतराज सही है।

यदि सरकार को ऐसा अधिनियम लाना ही था तो उसे नजूल भूमि पर सदियों से बसे हुए परिवारों को पुनर्वास करने की योजना भी बनानी चाहिए थी। इसके हर पहलू पर गहन विचार के बाद ही इसे पेश किया जाना चाहिए था। चूंकि उत्तर प्रदेश और केंद्र दोनों ही जगह भाजपा की सरकार है तो योगी जी को प्रधानमंत्री मोदी से इस पर चर्चा करनी चाहिए थी। इसे भाजपा शासित किसी छोटे राज्य में लागू करना चाहिए था। इस अधिनियम को लाने से पहले सरकार द्वारा यहां पर बसे लोगों को पुनर्वास करने की योजना बना लेनी चाहिए थी। सरकार को इन नजूल भूमि पर किए जाने वाले विकास कार्यों की सूची भी बना लेनी चाहिए थी। सरकार द्वारा नजूल भूमि पर अवैध रूप से पट्टे जारी करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को दंड देने का भी प्रावधान बनाना चाहिए था। यदि इन सब पहलुओं पर सरकार द्वारा नहीं सोचा गया तो ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को सलाह देने वाले अधिकारियों ने आनन-फानन में इस अधिनियम को पेश करवाया। देखना यह होगा कि आने वाले समय में प्रवर समिति इस अधिनियम पर क्या सुझाव देती है?

**Faridabad News**

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## हरियाणा में बनेगी बसपा इनेलो गठबंधन की सरकार–मनोज चौधरी



Faridabad/Alive News

बहुजन समाज पार्टी एव इंडियन नेशनल लोकदल के कार्यकर्ताओं का पहला संयुक्त सम्मेलन मोहना अनाज मंडी में आगामी 10 अगस्त 2024 को होगा। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा से हजारों कार्यकर्ता इस सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि आकाश आनंद, बसपा राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और अभय सिंह चौटाला इनेलो राष्ट्रीय महासचिव पहुंच रहे हैं। उपरोक्त शब्द हरियाणा बसपा उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने फरीदाबाद 89 विधानसभा मे आयोजित विधानसभा स्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा हरियाणा की जनता पहले 10 साल कांग्रेस और अब 10 साल भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से तंग हो चुकी है। इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा की जनता बसपा इनैलो गठबंधन की सरकार बनाकर भाजपा के कुशासन से मुक्ति पाएगी। जिला अध्यक्ष सरदार उपकार सिंह ने कहा भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के अलावा और कोई काम नहीं किया, जिससे जनता परेशान है। वहीं कांग्रेस का शासन 10 साल पहले हरियाणा में रह चुका है। उस समय भी जनता के मुद्दे यही थे। इसीलिए हरियाणा की जनता तीसरे विकल्प के रूप में गठबंधन की सरकार बनना चाहती है, ताकि किसान और कमेरा वर्ग का भला हो सके। हरियाणा की जनता को शिक्षा, रोजगार मिले। महंगाई और भ्रष्टाचार से मुक्ति मिले। इस अवसर पर जिला प्रभारी टीकम सिंह गौतम, जिला सचिव जगदीश आर्य, विधानसभा उपाध्यक्ष मोती लाल, कोषाध्यक्ष धर्मवीर, ए सी नगर सेक्टर कमेटी अध्यक्ष उदयवीर सागर, रामनगर सेक्टर कमेटी अध्यक्ष महावीर, भारत कॉलोनी सेक्टर कमेटी अध्यक्ष राजवीर सिंह बालाजी, कोमल सिंह, रामवीर सिंह, सुरेश कुमार, उदय चंद, आकाश कुमार, अजय कुमार सहित अनेक बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फरीदाबाद पुलिस ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति बच्चों और युवाओं को किया जागरूक



Faridabad/Alive News

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के दिशा-निर्देशानुसार आज सामुदायिक पुलिसिंग सेल और वरिष्ठ नागरिक सेल की संयुक्त टीम द्वारा प्याली चौक और डबुआ सब्जी मंडी में बच्चों और युवाओं के बीच नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को नशे की गंभीरता और इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना था, ताकि वे इस घातक आदत से दूर रह सकें। पुलिस टीम ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी और युवाओं को अपने जीवन में सकारात्मक विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने बच्चों और युवाओं से बातचीत की। उन्हें नशे से बचने के तरीके बताए और साथ ही उन्हें अपने समुदाय के अन्य सदस्यों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम के दौरान नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाले पेम्पलेट्स वितरित किए गए और उनको कुछ प्रेरणादायक विडियो भी दिखाए गए।

## लंबे समय से लंबित पर्वतीय कॉलोनी वैध रोड के निर्माण कार्य का विधायक ने किया उद्घाटन

Faridabad/Alive News

रविवार को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की वैध रोड पर्वतीय कॉलोनी के सड़क का उद्घाटन किया गया। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि लंबे संघर्ष के बाद पर्वतीय कॉलोनी की जनता को नरकीय जीवन से निजात मिलने जा रही है। क्योकि वर्षों से खराब सड़क से जूझ रहे लोगों को इस सडक के बनने से राहत मिलेगी। विधायक नीरज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि भ्रष्ट भाजपा सरकार से 28 करोड़ की फाइल पास कराने के लिए मैंने लगातार संघर्ष किया। इस दौरान मैंने बिना सिले कपड़े पहने और नंगे पैर रहकर अपने संकल्प को मजबूत बनाए रखा। उनका कहना है कि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और आज आप सबके प्रयासों से यह संभव हो सका है। उद्घाटन के इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र की जनता को बेहतर भविष्य के लिए आश्वस्त किया और कहा कि वे हमेशा उनके हित में कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर राम मेहर प्रधान, राम सिंह यादव, प्रिंस कम्बोंज, कौशल पांचाल, प्रवीन यादव, किशोर शर्मा, अंकुर, जसबीर, सम्पूर्णानंद शर्मा, मास्टर जवाहर गिरी, डा ध्रूव शर्मा, पकंज शर्मा, पकंज तिवारी, पकंज यादव, शिकांत मौर्य, दिलीप गौतम, मदन शर्मा, डॉक्टर विजय, डॉक्टर सुरेश गुप्ता, विनोद मढ़वाल, क़िस्मति आंटी, डॉक्टर ओमवीर शर्मा, सुनील ठाकुर, संदीप, नरेंद्र ठाकुर, मनोज बघेल, रवींद्र एंव गणमान्य साथी उपस्थित रहे।



## नए राशन डिपो के लिए 20 अगस्त तक कर सकते है आवेदन : उपायुक्त

Faridabad/Alive News

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि निदेशालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा, चण्डीगढ द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा सरल पोर्टल के माध्यम से नए राशन डिपू के आवेदन लेने हेतु तिथि 20 अगस्त 2024 तक बढ़ा दी गई है। इसके लिए विभाग ने सरल पोर्टल पर सूची जारी कर दी है। इसके तहत जिले में कुल 78 राशन डिपो महिलाओं को दिये जाएगें। इसमें से 23 डिपो शहरी व 55 डिपो ग्रामीण क्षेत्रों के है। नए राशन डिपो के लिए महिलाऐं अब 20 अगस्त 2024 सांय 5 बजे तक सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं। सरकारी नियमानुसार राशन डिपो लेने के लिए आवेदन ऑनलाइन सरल पोर्टल पर 20 अगस्त 2024 तक करना होगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, परिवार पहचान पत्र रखने वाला तथा कम्प्यूटर का मूल ज्ञान रखने वाला, जो 21 वर्ष से कम व 45 वर्ष से अधिक आयु का ना हो, जो उस परिक्षेत्र का निवासी हो, जिसके लिए उचित मूल्य की दुकान के लिए अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करता है।



## खुले मैनहोल के कारण लोगों का जीवन खतरे में, फिर भी अधिकारी नही ले रहे सुध

Swaranjali/Alive News

**फरीदाबादः** हार्डवेयर चौक से सोहना रोड को जाने वाली सेक्टर-22 की सड़क पर गौंछी ड्रेन के पास सीवर का ढक्कन टूटा हुआ है। आसपास के लोगों ने हादसे के डर से लकड़ी का डंडा उस पर फिट किया हुआ है। परंतु, एफएमडीए के अधिकारी और कर्मचारियों की इस पर नज़र नही जा रही है।

दरअसल, सीवर के ढक्कन बदलने का काम के एफएमडीए अधिकारी सेवा के काम के तहत करते आ रहे है। लेकिन कर्मचारी इस सीवर के खुले मैनहोल को काफी समय से नजरअंदाज कर रहे हैं। शायद अधिकारी और कर्मचारियों को बड़े हादसे का इंतजार हैं। ऐसे ही शहर भर में लोगों ने सीवर के खुले मैनहोल को जुगाड़ से ढका हुआ है। इस संबंध में जब हमने एफएमडीए के अधिकारी से बात की कोशिश की तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

**क्या कहना है लोगों का**

सीवर का ढक्कन टूटा होने की वजह से रात के समय आवागमन करने वाले दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस खुले मैनहोल से किसी की जान जाने का खतरा बना हुआ है। साथ ही आवारा पशुओं के लिए भी इसमें गिरने का खतरा बना हुआ है। खुले मैनहोल के कारण फरीदाबाद में कई जान जा चुकी हैं। फिर भी एफएमडीएअधिकारी और कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं।

**–मनोज भाटिया, जवाहर कॉलोनी निवासी।**

इस सीवर के खुले मैनहोल के कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है, परंतु अधिकारी अपनी कुर्सी छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं।

**–अरविंद, संजय कॉलोनी निवासी।**

## नगर निगम कमिश्नर ने बड़खल झील पुनर्जीवन परियोजना का किया अधिकारियों के साथ निरीक्षण



Faridabad/Alive News

फ़रीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं नगर निगम की आयुक्त ए. मोना श्रीनिवासन ने शुक्रवार को नगर निगम फरीदाबाद व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बड़खल झील पुनर्जीवन परियोजना के कार्य का निरीक्षण किया। फ़रीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. मोनस श्रीनिवास ने साइट निर्माण कार्य का विस्तृत निरीक्षण करते हुए परियोजना की घटकवार प्रगति की समीक्षा की व अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना का कार्य कर रहे ठेकेदारों को समय पर काम पूरा करने के लिए आदेश दिए। सीईओ स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने परियोजना कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं और मुद्दों की भी बारीकी से समीक्षा की और मुख्य अभियंता स्मार्ट सिटी को परियोजना की समस्याओं और प्रगति के संबंध में दैनिक बैठकें बुलाने का निर्देश दिए। जिससे कि यह कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर डिप्टी सीईओ एफएससीएल हरी राम, मुख्य अभियंता एफएससीएल, तकनीकी सलाहकार, उपमहाप्रबंधकों सहित पीएमसी टीम उपस्थित रही।

## हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गिनवाई 2.5 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां

Faridabad/Alive News

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि हरियाणा राज्य महिला आयोग ने पिछ्ले 2.5 वर्षों के अपने कार्यकाल के दौरान पूर्व वर्ष के क्रियाकलापों को आगे बढ़ाया और महिलाओं को सशक्त करने के लिए महिलाओं से जुडें मुद्दों को प्रखर रूप से उठाने का कार्य किया। इस कार्यकाल में आयोग के समक्ष लगभग 9,150 केस आए जिनमें से आयोग द्वारा 98 फीसदी केसों का निवारण कर दिया गया है। राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने यह बात शुक्रवार को फरीदाबाद स्थित अरावली गोल्फ क्लब में राज्य महिला आयोग के 2.5 साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित ÷काम की बात, पत्रकारों के साथ÷ कार्यक्रम में पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं को संबोधित किया। आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि मैं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोएल का धन्यवाद करती हूँ कि उन्होंने मुझे राज्य महिला आयोग में बतौर चेयरपर्सन कार्य करने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा पिछ्ले 2.5 वर्षों में 500 से अधिक कार्यक्रम, कार्यशालाएं आयोजित की गयी जोकि अन्य किसी राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की तुलना में सबसे अधिक है। इसमें महिलाओं के विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करने, साइबर सुरक्षा कार्यशाला, एंटी ह्यूमन ट्राफिकिंग कार्यक्रम, लीगल अवेयरनेस कार्यक्रम महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में आयोजित किए गये। साथ ही महिला शिकायतकर्ताओं की परिवेदनाओं का निवारण करने और व्यथित महिलाओं की सहायता करने के उद्देश्य से महिलाओं के विरूद्ध होने




वाली अत्याचार की घटनाओं का स्वत~ संज्ञान लेते हुए संबंधित मुद्दों को उठाया और इनके लिए निरंतर रूप से कार्य किया। महिला आयोग द्वारा उन महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए भी कई कार्य किए गये जिन्हें कोई अपनाने को तैयार नहीं है ताकि ऐसी महिलाओं को अपना जीवन जीने के लिए किसी पर निर्भर न रहना पड़े। बतौर राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन के रूप में मुझे सिडनी स्थित पार्लियामेंट को संबोधित करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

## विकास के क्षेत्र में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे : कृष्ण पाल गुर्जर

Faridabad/Alive News

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हमारी सरकार ने विकास का संकल्प लिया है और निश्चित रूप से हम प्रदेशवासियों को नई-नई सौगातें देते जाएंगे। भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर आज 06 करोड़ 77 लाख 37 हजार रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र के विकास में हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारे लिए ये विकास कार्य, सरकार बनाने के लिए नहीं, ये विकास कार्य सिर्फ और सिर्फ देश बनाने का मिशन है। पहले की पीढ़ियों ने जो कुछ भुगता, वो हमारे नौजवानों और उनके बच्चों को नहीं भुगतना पड़ेगा। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। क्षेत्र में लोगों को बिजली, पेयजल सप्लाई से जुड़ी लाइनों और सिवरेज व्यवस्था तथा पार्कों के सौन्दर्य करण सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने कहाकि प्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास के लिये हमेशा



वचनबद्ध है और इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के देश व प्रदेश में विकास कार्य निरंतर प्रगति पर है। इस अवसर पर उन्होंने सेक्टर-55 के लोगों की समस्याओं को सुना और जल्द ही सेक्टर-55 में 10 नए मिनी ट्यूबवेल लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुकेश डागर, भगवान सिंह, यशवीर डागर, धर्मवीर भड़ाना, कवीन्द्र फागना, सुरेंद्र भड़ाना, मनोज बालियां, संजू चपराना, मेहरचंद हरसाणा, सतीश फागना, सागर चंद, राहुल चंदीला सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## जनरेटर को सड़क पर रखकर की जा रही वेल्डिंग, ठेकेदार डिवाइडर पर ग्रील लगाने के काम में नही बरत रहा सावधानी

Faridabad/Alive News

बिना सावधानी बरते ठेकेदार की लेबर बीच सड़क पर जनरेटर रखकर डिवाइडर पर लोहे की ग्रील लगाने का काम कर रही है, जहां काम चल रहा है वहां सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। शहर का सौंदर्यीकरण करने के लिए डिवाइडर पर लोहे की ग्रील से फेंसिंग का काम किया जा रहा है।

एनआईटी पांच रेलवे रोड पर डिवाइडर पर ग्रील लगाने का काम नगर निगम के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है, इसमें सड़क सुरक्षा पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा। निगम अधिकारी न तो काम को देखने आ रहे है और न ही ठेकेदार के लोगों द्वारा सड़क के बीच में जनरेटर रखकर देर रात तक वेल्डिंग का काम किया जा रहा है। ठेकेदार के लोगों द्वारा ऐसी लापरवाही से अंधेरा होने पर दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है।



सड़क के बीच में जनरेटर रखने की वजह से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। बता दें कि डिवाइडर पर ग्रील लगाने का काम नगर निगम का है। लेकिन नगर निगम अधिकारी किसी भी काम में दिलचस्पी नही दिखाते और ठेकेदार के भरोसे काम छोड़कर अपनी इतिश्री देने में माहिर है।

**क्या कहना है स्थानीय लोगों का**

मैं इस रोड से हमेशा अपने घर जाता हूं। एक-दो दिन से मैंने सड़क के बीच में जनरेटर रखा हुआ देखा तो ऐसा लगा कि जनरेटर कहीं दुर्घटना का कारण तो नही बन जायेगा। ये जनरेटर अंधेरा होने पर दिखाई नही दे रहा। परन्तु जनरेटर चलते समय आवाज की वजह से पता चला की सड़क के बीच में जनरेटर रखा है। आवागमन करने में मुझे परेशानी उठानी पड़ती है। लेकिन दुर्घटना होने पर नगर निगम अधिकारियों को कोई लेना देना नही।

**–जितेन्द्र भाटिया, एनआईटी पांच निवासी।**

**क्या कहना है अधिकारी का**

इस संबंध में जब हमने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता नितिन कादियान से बात की तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से मुझे जानकारी मिली है। ठेकेदार को सावधानी बरतने के लिए कहा जाएगा और जनरेटर को सड़क पर रखने से मना किया जाएगा।

## जीवा में कल्पनाओं की उड़ान के अन्तर्गत बच्चों का शानदार प्रदर्शन



Faridabad/Alive News

सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में एक अद्भुत कार्यक्रम 'कल्पनाओं की उड़ान' का आयोजन किया गया। जिसमें फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ- साथ शैक्षणिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव, प्रमुख संयोजिका सुश्री मिनी जोसेफ,संयोजिका सुशीला चौहान एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक क्षमता का आंकलन करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को सम्मिलित किया गया। बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान खूब आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बच्चों ने रैम्प वॉक और बेबी शो में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रैम्प वॉक में विजेता रहे आयन मोर एवं आरवी कश्यप, रनर अप रहीं एमिश भाटिया एवं बलप्रीत कौर, श्रेष्ठ परिधान के लिए वर्णित थरेजा को पुरस्कृत किया गया, क्युटेस्ट स्माइल कामाक्षी गोस्वामी, मोस्ट स्टाइलिश आन्या यादव रही । इसके साथ ही कार्यक्रम में जीवा के सिद्धांतों को भी बताया गया। बच्चों ने मंच पर शानदार व लाइव परफॉर्मेंस भी दी।

# समाज के सहयोग से ही जिले को किया जा रहा है नशा मुक्त : पुलिस आयुक्त

Faridabad/Alive News

फरीदाबाद पुलिस जनता, बुद्धिजीवियों तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से जिले को नशा मुक्त करने का अभियान जारी रखे हुए है, क्योंकि नशा युवा पीढी को गर्त के भविष्य में धकेल रहा है। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम देश के युवा भविष्य को भटकने से रोके।

यह बात पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने सेक्टर-21 स्थित श्रीराम मॉडल स्कूल द्वारा आयोजित युवा जागृति भारत नशा छोडों आंदोलन कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं तथा शहर के विभिन्न स्कूलों के प्रबंधक, प्रिंसीपल तथा बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पिछ्ले कई दिनों से चल रहे नशा विरोधी अभियान के तहत फरीदाबाद पुलिस ने शहर की 20 कालोनियों तथा 50 गांवों को नशा मुक्त किया है।



उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि शिक्षा ग्रहण करने का उद्देश्य ज्ञान प्राप्त कर नौकरी करना नहीं बल्कि शिक्षा का वास्तविक मतलब देश, समाज के उत्थान में अपनी भूमिका निभाना तथा देश का जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प होना चाहिए।

उन्होंने अध्यापकों से कहा कि वे बच्चों को पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति तथा संस्कारोंमुखी शिक्षा प्रदान करें ताकि बच्चों का सार्वभौमिक रूप से विकास हो सके। स्कूल की डायरेक्टर डॉ. अमृता ज्योति को पुलिस आयुक्त ने आश्वासन दिया कि वह जो अभियान चला रही है वह प्रशंसा की पात्र है। इस नशा मुक्ति मुहिम को आगे बढ़ाने में जो भी पुलिस प्रशासन से मदद हो सकेगी वह समय रहते दी जाएगी।

इस अवसर पर एस.एस बांगा, एचपीएससी के अध्यक्ष नरेंद्र परमार, राजदीप सिंह, मनीषा आनंद, सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल जवाहर कालोनी के प्रिंसीपल विक्रम सिंह राठौर, डॉ. आर. के. शर्मा, जगदीप ग्रोवर, आनंद मेहता, रूपाली भाटिया, राजन गौतम, वीनू शर्मा, ऊषा वर्मा, हरिश चुघ सहित अनेक स्कूलों के प्रबंधक और प्रिंसीपल उपस्थित रहे।

श्रीराम माडल स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष डा. अमृता ज्योति ने कहा कि शिक्षक तथा विद्यालय प्रबंधन बच्चों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में प्रतिदिन बौधिक रखे ताकि बच्चे इस नशे से दूर रहे। उन्होंने कहा कि संकल्प यदि दृढ हो तो सिद्धि अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने स्कूली प्रबंधकों का आह्वान किया कि वे बच्चों को पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ साधना से जोड़े, क्योंकि अध्यात्मिक शिक्षा बच्चों से छूट रही है। अब समय आ गया है कि हमें अध्यात्मिकता के साथ देश के उत्थान के लिए कार्य करना होगा। इससे पूर्व कवि दिनेश रघुवंशी, महेंद्र अजनबी, अनिल अग्रवंशी तथा ईशान देव ने देशभक्ति कविताएं सुनाकर पांडाल में मौजूद बच्चों को रोमांचित किया।

# Ideal School Agwanpur celebrated Investiture Ceremony



Faridabad/Alive News

On Saturday Ideal Public School, Agwanpur, celebrated their Investiture Ceremony. Students in their house dresses marched while holding their flags. House masters honored them with badges and sashes. The Head Girl, Komal Yadav, and the Head Boy, Ashu Singh, were honored by the Principal, Reeta Khanna. Head prefects and the President, Divyam Singh Jeena, were honored by the Director, Dr. Sudesh Bhadana. The Chairman of the school, Rakesh Bhadana, congratulated all the students on their future prospects.

# Dynasty school celebrated International Tiger Day



Faridabad/Alive News

Dynasty International school, Sector-28 celebrated International Tiger Day. 29th July is also known as Global Tiger Day. This day is celebrated to raise awareness for tiger conservation. Celebrating International Tiger Day helps to highlight the importance of tiger conservation and encourages people to support efforts to save these magnificent animals from extinction.

Class 1 and 2 had a special assembly today where students participated with full zeal and enthusiasm. Kids were all decked up in tigers costumes and presented wonderful speechon this special event .

# DAV NH-3 celebrated Teej with glee and euphoria



Faridabad/Alive News

Young DAVians of DAV NH-3 ,NIT celebrated Teej with glee and euphoria on August 06, 2024 in school premises. A special assembly was conducted by the kindergarten. Looking at the pupils wearing traditional colored attires enhanced the charm and mood of the celebration and raised it to the next level. A Teej Mela was set up in the school courtyard with different stalls. Children displayed sweets, bangles, jewellery, handicrafts and flowers. They were delighted to apply mehendi, play on swings, and enjoyed eating traditional sweets. Little champs also danced on the Teej traditional song "rangilo saavan aayo re…."Girls had fun while getting heena applied on their hand, with teej folk songs in the air.The Principal of the school, Jyoti Dahiya while addressing to the students laid emphasis on the importance of the day & further added that by participating in such traditional festivals we stay connected to our rich culture, traditions and heritage & wished Happy Haryali Teej to all the pupils as well as teachers. Overall, the event was a grand success and a learning experience for our students.

# DAV-49 school organised Medical Camp



Faridabad/Alive News

DAV Public School, Sec-49 recently organised a comprehensive medical camp within the school premises. This initiative was led by the Golden Lioness Neelam Khanna, District A-2 and Lalita Rakhyan, the Founder of Golden Lioness with the support of the school's President, Madhu Omchery and the Principal of the school, Rajan Gautam. A team of doctors was brought in by Sudhir Rakhyan to conduct the camp, which catered to the diverse health needs of the school's community. An eye camp was conducted for all students, ensuring that each child received a thorough eye examination. In addition to the eye camp, a haemoglobin check was specifically arranged for the girls from classes VIII to XII. This was a vital step towards monitoring and improving their health, particularly focussing on preventing anemia and other related conditions. For the female staff of the school, a breast cancer screening was conducted. This important health check aimed to raise awareness about breast cancer and encourage early detection, which is crucial for effective treatment and better outcomes. The medical camp was a significant step towards promoting health awareness and preventive care within the school community. The initiative by Golden Lioness, along with the support of DAV Public School, Sec-49 was highly appreciated by all participants. It highlighted the importance of regular health check-ups and the role of the school in fostering a healthy environment for both students and staff.

# DAV School NH-3 celebrated Independence Day with pomp

Faridabad/Alive News



Thousands laid down their lives so that our country breath this day, never forget their sacrifice.

Independence Day marks nation's freedom and sovereignty, DAV Public School NH 3 NIT Faridabad celebrated Independence Day with great enthusiasm and patriotic fervor in the school premises. The school campus was beautifully decorated with flyers all around..

The auspicious programme commenced with Gayatri Mantra, which evoked the spirit of enlightenment and gratitude towards Almighty.

The event exuberated with the speech which made us believe nothing is more precious than independence and liberty. The school choir presented immensely sublime songs with name "Geet Khushi Ke" . Fancy dress with eye catching performances were presented by our tots of kindergarten.

Scintillating dance performances on the song, Aisa Kesariya was presented by students of grade 1 and 2 . Our senior students of class X performed beautifully which showed their stimulated love and reverence for our beautiful motherland through their dance performances.

The celebration was truly a memorable one, which inculcated everyone with the feeling of patriotism, integrity, and harmony.

The program culminated by our Principal Ma'am ,Ms. Jyoti Dahiya who not only appreciated the efforts of every student and faculty members but also appealed everyone that - every citizen of India must remember that he is an Indian and he has every right in this country, but with certain duties as quoted by Sardar Vallabhbhai Patel. She also congratulated staff members, students and every citizen of Independent India a very Happy Independence Day.

"Let us all be proud of our beloved Nation"

We all have to collectively strive to make India vibrant, strong and supreme"

# हर देशवासी का सम्मान है तिरंगाः प्रो. एस. के. तोमर

Faridabad/Alive News

जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के मीडिया एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान को उत्साह पूर्वक मनाया।इस परिप्रेक्ष्य में समाज कार्य के विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ.मेहा शर्मा एवं समस्त विभागाध्यक्ष और डीन को तिरंगा भेंट किया।उल्लास के इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों ने सी वी रमन विज्ञान प्रखंड से तिरंगा रैली निकाली। कलाम चौक पर राष्ट्रगीत के साथ रैली का समापन हुआ। संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के अंतर्गत समाज कार्य, पत्रकारिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित तिरंगा रैली में अन्य विभागों के विद्यार्थियों के साथ एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि हाथों में तिरंगा लेकर चले। सभी विद्यार्थी वंदे मातरम, भारत मां की जय, विश्व विजयी तिरंगा प्यारा जैसे जयघोष करते हुए चल रहे थे। इस रैली का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने तिरंगा भेंट कर किया। अपने संबोधन में डॉ.पवन सिंह ने कहा कि तिरंगा भारत की अस्मिता व गरिमा है।

# Ashirwaad school celebrated festive spirit of Teej

Faridabad/Alive News

The monsoon showers of Sawan brought with them the lush greenery and the festive spirit of Teej, and our school celebrated this beautiful occasion with great enthusiasm and joy. The school premises were alive with the sounds of laughter, music, and the vibrant hues of traditional attire worn by our little students.

The celebration commenced with a warm welcome to the students, who were dressed in colorful traditional outfits. Their presence added a touch of enchantment to the already festive atmosphere. The teachers played a significant role in enhancing the beauty of the occasion by adorning the students' palms with intricate and beautiful henna designs. The sight of tiny hands decorated with mehendi was indeed a delight to behold. The celebration was further enlivened with dance and music. The students danced joyously to the tunes of Haryali Teej songs, their faces beaming with happiness and excitement. The courtyard echoed with traditional songs, and the rhythmic clapping and foot-tapping filled the air with a sense of unity and joy. The teachers and students together created a memorable and delightful atmosphere, celebrating the essence of Teej with zeal



and fervor. Director Anshu Singh and Principal Jyoti Chaudhary were also present at the event, celebrating with the kids and adding to the joyous atmosphere. Their presence and participation highlighted the importance of such celebrations in fostering a sense of community and belonging among the students.

# Dynasty International School held on Investiture Ceremony

Faridabad/Alive News

Investiture Ceremony of Dynasty International School for the Academic session 2024..25 was held on 6 August 2024 with great pomp and dignity in the school premises.The event was presided over by Respected Principal Sir Nitin Verma, Director Mam Kalpana Verma along with Vice Principal ma'am Sujata Sharma, Academic co-ordinator, Lipika Kaushik. It was conducted with the high degree of sincerity and passion.

The selection process was conducted on the basis of academic excellence, active participation in co-curricular activities, punctuality, discipline and many such similar traits. It was a three round process including interaction with the Academic Co-ordinator followed by questionnaire and speech round and finally the investiture ceremony. Principal Sir pinned the badges to the





office bearers. A pertinent speech was then delivered by him congratulating and acquainting the newly-appointed Student council members with their duties. This momentous day dawned to bestow responsibilities on the deserving young talents of the school to lead their school from the front with their commitment, confidence and competence.Toppers of class The occasion was also marked with vibrant cultural programs.The members of the newly elected Student Council (Juniors) were also part of the days celebrations.

# D.A.V. School-37 organised Annual Appreciation Day

Faridabad/Alive News

D.A.V. Public School, Sector – 37, organised the Annual Appreciation Day for the students of the Middle, Secondary and Senior Secondary Segment on 17 July 2024. It was a day to commemorate the efforts of the meritorious students who with their hard work and diligence proved their mettle.

The School Principal, Ms. Deepti Jagota along with Dr. Palki Aggarwal – the Guest of Honour, Sumita Dey, the Supervisory Head of the Senior Secondary and Secondary Segment and Ashu Pandita Kaul, the Supervisory Head of the Middle Segment awarded the proud achievers with trophies and certificates.

The students of





Classes VI to IX, who scored above 90% in aggregate, were awarded Academic Excellence Award. The Top of Tops Award was also given to the achievers of Class VIII along with the Full Attendance Award to the students of the Middle Segment.

High Achievers Award was given to the Subject Toppers and Meritorious Award was accorded to the students securing Perfect 100 in Class X. Academic Excellence Award was given to students of Class XI for securing 75% and above while the Stream Wise Toppers were awarded and Subject Toppers received the High Achievers Award. The Class XII students who brought laurels to the school with their outstanding academic brilliance were felicitated with trophies and certificates.

The Principal also honoured the proud parents whose presence made the event a grand success. It was truly a great event that inspired the students to strive harder to achieve their dreams.

# Dynasty school celebrate Independence Day

The historic Red Letter Day (our Nations independence) has arrived once more, transporting us back to that patriotic era when hundreds and thousands of enthusiastic citizens gave their lives to free us from colonial control. I Nitin Verma express my profound respect and homage to the patriots, martyrs, and leaders at this joyous moment. This year marks the 78th anniversary of our beautiful country39's independence.



I express my best wishes and prayers for all Indians on this auspicious day. At Dynasty International, we are dedicated to nurturing future leaders who embody the values of integrity, courage, and compassion. Our commitment to academic excellence is matched by our focus on instilling moral values that fortify the character of our students, shaping them into responsible citizens of tomorrow.

Let us reaffirm our dedication to the ideals that our great nation was built upon—unity, diversity, and the pursuit of knowledge. Together, we shall continue to elevate the standards of education, ensuring that our students contribute meaningfully to the progress and prosperity of our beloved nation.May peace, progress and true freedom prevail in every aspect of our lives.

# Investiture ceremony was celebrated with pomp in FMS

Faridabad/Alive News

Faridabad Model School, Sector-31 celebrated its 26th Investiture Ceremony on August 10, 2024. The distinguished guests present on the occasion were Mrs. Praveen Joshi- Chairperson, Haryana State Commission for Protection of Child Rights, Mr. Jitesh Kumar Malhotra- Assistant Commissioner of Police Faridabad, Mr. A K Malik- Managing Director, FMS Managing Committee, former Advisor to the President of Zambia, and former Commissioner, Cabinet Secretariat, Govt. of India, Mrs.



Raj Malik- former founder Principal of FMS, Sec-48 branch, Rotarian Mr. H.S Malik- Chairman FMS and former Chairman Child Welfare Committee, Bench of Magistrates, Govt. of Haryana. Mrs. Deepika Malik- Academic Coordinator, The Sheffield Pvt. School, Dubai. FMS Academic Director Mrs Shashi Bala and Director Principal Mr. Umang Malik. The ceremony began with the lamp lighting by the dignitaries. Students of FMS welcomed the eminent guests with a melodious welcome song. The highlight of the event was the Inter House Patriotic Dance Competition, commemorating the Independence Day. The performances were a true showcase of 'Unity in Diversity' with power-packed performances from across the four regions- East, West, North and South.

The distinguished guests presented badges to the members of the Student Council for the academic session 2024-2025. The Head Boy Master Gaurav Tiwari and Head Girl Miss Bhumika took oath along with the other members of the Student Council. The eminent dignitaries motivated the students with their inspiring and thought provoking words and praised the school management for the well synchronized event.

The guests congratulated the students and emphasized on the need for today's youth to work towards National Integration and become leaders in their future endeavors. The ceremony concluded with the National Anthem.

# बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों में समान रूप से हो रहे है विकास कार्य : सीमा त्रिखा

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने शनिवार वार्ड नं.12 में 1 जे और 1 एच के पार्कों के नवीनीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 1 ए, बी, सी, डी और जी ब्लॉक के पार्कों के जीर्णोद्धार का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। इन सभी पार्कों के नवीनीकरण पर लगभग 01 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत आएगी। हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि शहर में जन सुविधाओं का विकास करना हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास है। जिन विकास योजनाओं का अभी शिलान्यास किया गया है, उनको जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता से करने व निर्धारित समय पर निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। सबका साथ-सबका विकास नीति के तहत प्रदेश सरकार द्वारा पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनहित के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की गई है और बिना भेदभाव के सभी क्षेत्रों में समान रुप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए आया हुआ पैसा पूरी ईमानदारी के साथ विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत विकासोन्मुखी शासन ने पूरे देश में प्रगति के मार्ग को प्रशस्त किया है और इस नींव पर निर्माण कार्य जारी रखना आवश्यक है और प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्र नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। इस अवसर पर अमित आहूजा, तेजवंत सिंह, सुनील ग्रोवर, राकेश भाटिया, प्रवीण खत्री, मयूर अरोड़ा, सुशील नागपाल, दीपा भाटिया, अंजू अरोड़ा, कंवल खत्री, सरदार मंजीत सिंह, विजय कंठद्य, अनिल कपूर, गौरव, सचिन खत्री, सरदार काले सिंह, संजीव ग्रोवर आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आशीर्वाद स्कूल में धूमधाम से मनाया अलंकरण समारोह, शिक्षा मंत्री ने की शिरकत

**Faridabad/Alive News**

सेक्टर-21डी एसजीएम नगर के आशीर्वाद पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह मेथ मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा के स्कूल पहुंचने पर स्कूल की डायरेक्टर अंशु सिंह, प्रिंसिपल ज्योति चौधरी, अध्यापक गिरीश जोशी ने फूलमाला और बूके भेटकर स्वागत किया। मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विशेष अतिथि के रूप में सेक्टर-21डी के स्वास्थ्य केंद्र से डॉ पुष्प प्रिया, समाजसेवी मेघना श्रीवास्तव, आरडब्ल्यूए ईस्ट सेक्टर-21डी के प्रधान संजय शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद समारोह में अध्यापिका नीरू के सहयोग से तैयार सातवीं और आठवीं कक्षा के छात्राओं ने स्वागत गीत गाया। वहीं सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसमें छात्राओं ने नृत्य और जीवंत हरियाणवी नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। समारोह में शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने बच्चों को प्रेरित



करते हुए अपने संबोधन में कहा कि जीवन में विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर पढ़ना चाहिए और अपने गोल को अचीव करना चाहिए। उन्होंने आशीर्वाद स्कूल की चेयरपर्सन, डायरेक्टर, प्रिंसिपल और अध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों के अनुशासन की जमकर प्रशंसा की। शिक्षा मंत्री ने आशीर्वाद स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में संस्कारशाला और भारतीय संस्कृति का परिचायक बताया। समारोह में आए अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों के सम्मुख अपने विचार रखें। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल के नव-निर्वाचित हेड बॉय अमन और हेड गर्ल भावना को बेंच लगाकर प्रोत्साहित किया। वहीं स्पोर्ट्स कैप्टन अभिषेक, स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन अंजलि और हाउस कैप्टन अर्शप्रीत, तनिषा, मयंक, नेहा, इशु, रोमा, अनुराग और नीलम को भी बेंच लगाकर हौसला अफजाई की और आगे बढ़ने के लिए शाबाशी दी। स्कूल की डायरेक्टर अंशु सिंह ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि नेतृत्व और जिम्मेदारी प्रत्येक टीम लीडर की अहम भूमिका होती चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चाई के साथ और अच्छाई के साथ विद्यार्थियों को आगे बढ़ना चाहिए, कभी झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने दो दोस्तों की कहानी के माध्यम से सच और झूठ के अंतर के बारे में बच्चों को समझाया।

स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति चौधरी ने अलंकरण समारोह में आए अतिथि और विद्यार्थियों को बताया कि आशीर्वाद स्कूल शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन डालने का काम कराता आ रहा है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल शिक्षा देने का काम कर रहें हैं उस क्षेत्र में आशीर्वाद स्कूल ने भी आईआईटीयन, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, वैज्ञानिक देश को दिए हैं और आगे भी देता रहेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों में संस्कार और संस्कृति के पतंग को रोकने के लिए भी स्कूल की चेयरपर्सन और डायरेक्टर अध्यात्म के माध्यम से संस्कारवान बनाने के भरसक प्रयास कर रही हैं। समारोह का समापन स्कूल की सीनियर कोऑर्डिनेटर मोनू सतीजा के भावपूर्ण संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने समारोह में आए हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, स्कूल के स्टाफ का आभार प्रकट किया। समारोह में अहम भूमिका निभाने वाले स्कूल के जूनियर कोऑर्डिनेटर नेहा पालीवाल, गिरीश, शालिनी, सोनम, रोहित, प्रियंका और नीरज का समारोह में सहयोग देने पर धन्यवाद किया।

## जीवा स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आज़ादी का पर्व

**Faridabad/Alive News**

सेक्टर-21बी स्थित जीवा स्कूल में आज़ादी के 77 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, छात्रों ने विभिन्न क्रियकलापों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में छात्रों ने अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया व अपने विचारों को सुंदर रंग में रंग दिया। कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्रों ने बढ़चढ़कर इस पर्व में अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। बच्चों ने इस अवसर पर स्वतंत्रता के महत्व को बताया एवं उन शहीदों के विषय में भी बताया जिनके कारण देश को आज़ादी मिली।

आज के कार्यक्रम में ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा दीशिता ने एक सुंदर देशभक्ति कविता प्रस्तुत की। बच्चों ने देशभक्ति गीत पर आकर्षक नृत्य भी प्रस्तुत किए। छात्रों ने देश भक्ति और कर्तव्य से संबंधित एक लघु नाटिका प्रस्तुत की, उन्होंने नाटिका के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के सभी विशेष घटनाक्रमों पर भी प्रकाश डाला। किंडरगार्टन के नन्हे मुन्ने बच्चो ने भी बहुत आकर्षक ढंग से नृत्य प्रस्तुत किए बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों का वेश धारण किया और कविताएं भी प्रस्तुत की। विद्यालय के अध्यक्ष श्री ऋषिपाल चौहान एवं उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड श्रीमती मुक्ता सचदेव एवं प्रमुख संयोजिका मिनी जोसेफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज़ादी का वास्तविक अर्थ है, स्वयं को अनुशासित करना, अनुशासन के बिना स्वतंत्रता अराजकता में बदल जाती है। इसलिए अनुशासन में रहना सबके लिए अनिवार्य है।

# भारी वाहनों के अतिक्रमण से घिरी सड़के, निकलना हो रहा है मुश्किल

**Swaranjali//Alive News**

**फरीदाबाद:** एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया में एफएमडीए ने करोड़ों रुपए खर्च कर सीमेंटिड सड़के बनाई लेकिन अब उन पर सड़कों पर ट्रकों और अतिक्रमण से कब्जा है।

व्हर्पूल चौक से लेकर सारन चौक से पावर हाउस सड़क, ओसवाल कम्पनी चौक से प्रेस कॉलोनी सड़क, सेक्टर-25 इंडस्ट्री की सड़कों पर कमर्शियल वाहनों का कब्जा हो रहा है। इन सड़कों पर कई वाहन ऐसे हैं जो कई महीनों से सड़क के किनारे खड़े हुए हैं। यह वाहन सड़क पर अतिक्रमण ही नही बल्कि दुर्घटना का कारण भी बन रहें है।

नगर निगम अधिकारियों और ट्रैफिक पुलिस की कामचोरी भी लोगों के जीवन पर भारी पड रही है। ट्रैफिक पुलिस इन क्षेत्रों में सड़क को घेरे खड़े भारी वाहनों के चालान नही करती





जिसकी वजह से ग्रीनबेल्ट पर भी इनका कब्जा हो रहा है। उधर, नगर निगम अधिकारी भी समय समय पर अतिक्रमण पर कार्यवाही नही करते इसकी वजह से सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से रेहड़ी और खोखों ने कब्जा कर लिया है।

इस सबंध में जिम्मेदार अधिकारियों से बात की जाती है तो उनका कहना होता है कि वह समय-समय पर कार्यवाही करते रहते हैं। नगर निगम अधिकारियों की कार्यवाही शायद कागजों तक ही सीमित है। फरीदाबाद के उद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण की संख्या कम होने की बजाय लगातार बढ़ती जा रही है।

सड़कों पर कब्जा करे खड़े ट्रक और अन्य कामर्शियल वाहनों की वजह से दोपहिया वाहन चालकों की जान जा रही है और प्रशासन खानापूर्ति करने में लगा हैं।

**क्या कहना है ट्रैफिक पुलिस अधिकारी का**

पुलिस समय समय पर अवैध पार्किंग और रोड साइड पार्किंग के वाहनों के चालान करते रहते है। उद्योगिक क्षेत्र में भारी वाहनों का सड़क पर पार्किंग करना ट्रैफिक नियमों के खिलाफ है। अगर फिर भी चालक नियमों का उल्लंघन करते हैं तो उनके चालान किए जाएंगे।

**-विनोद (इंस्पेक्टर), ट्रैफिक थाना प्रभारी।**






# Happy Independence Day
























Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448